राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

**कार्यालय ऑफिस**

क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारित

सुरत-गुजरात,संस्करण गुरुवार, 09 जुन 2022 वर्ष-5,अंक-134 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## सुब्रमण्यम स्वामी का फिर केंद्र पर निशाना, बोले- अरब देशों के खिलाफ खड़ी नहीं हो सकती सरकार

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी ने नुपुर शर्मा मामले को लेकर केंद्र सरकार पर एक बार फिर निशाना साधा है। बुधवार को उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मोदी सरकार अरब देशों के खिलाफ खड़ी नहीं हो सकती है। पूर्व भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद स्वदेश से लेकर अरब देशों तक गरमाया हुआ है। कई अरब देशों ने भारतीय राजदूतों को तलब कर अपनी आपत्ति प्रकट की है। यहां तक कि ओआईसी, पाकिस्तान व अफगानिस्तान जैसे कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाले देशों ने भी इसे मुस्लिम वर्ल्ड से जोड़ते हुए भुनाने और भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की। हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन सभी को माकूल जवाब दे दिया है। सुब्रमण्यम स्वामी पहले भी नुपुर शर्मा को भाजपा से छह साल के लिए निलंबित किए जाने पर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने मोदी सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए थे। बुधवार को किए ताजा ट्वीट में उन्होंने कहा, मोदी सरकार अरब देशों के खिलाफ खड़ी नहीं हो सकती। भारत सरकार ने इस्राइल के खिलाफ और आतंकी संगठन हमास के पक्ष में वोट दिया। अफगान संकट के दौरान भारत सरकार कतर के चक्कर लगाती रही, ताकि वह तालिबान से रिश्ते बना सके। दुबई की पहचान एक मनी लॉन्ड्र के रूप में है और वह बीसीसीआई को कंट्रोल करता है। और सुनना चाहते हैं?

**नुपुर शर्मा व परिवार को सुरक्षा**-बता दें, विवादित बयान को लेकर नुपुर शर्मा के खिलाफ महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में केस दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र पुलिस ने उन्हें तलब किया है। इधर, बयान के बाद लगातार दी जा रही जान से मारने की धमकियों के बाद दिल्ली पुलिस ने नुपुर व उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई है।

## आरबीआई ने रेपो रेट में किया 50 बेसिस प्वाइंट का इजाफा, इस तरह बढ़ेगा ईएमआई का बोझ

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक समिति की बैठक के नतीजे बुधवार को घोषित किए गए। गवर्नर शक्तिकांत दास ने परिणामों की घोषणा करते बताया कि बैठक में नीतिगत ब्याज दरों या रेपो दरों में 50 बेसिस प्वाइंट या 0.50 फीसदी बढ़ोतरी का फैसला लिया। यानी रेपो रेट पर 4.40 से बढ़कर 4.90 हो जाएगा। इससे लोन की ईएमआई का बोझ बढ़ जाएगा।

**पूर्वअनुमान से ज्यादा बढ़ोतरी**

गौरतलब है कि इससे पहले देश में लगातार बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए मई महीने में आरबीआई ने बिना पूर्व सूचना के एमपीसी की बैठक का आयोजन किया था और इसमें रेपो रेट में 0.40 फीसदी की बढ़ोतरी करने का एलान किया था। इसके बाद ये दरें 2020 से एतिहासिक निचले स्तर यानी चार फीसदी पर रहने के बाद अचानक से 4.40 फीसदी हो गईं। इस इजाफे के बाद आरबीआई गवर्नर ने भी पहले ही संकेत दे दिए थे कि रेपो दरों में जून में होने वाली बैठक में और बढ़ोतरी की जा सकती है।

**बढ़ती महंगाई का दिया हवाला**

दास ने एमपीसी की बैठक में लिए गए नतीजों का एलान करते हुए कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और वैश्विक घटनाक्रमों के चलते सप्लाई चेन बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इस बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए आरबीआई का सख्त कदम उठाना पड़ा है। गौरतलब है कि देश में खुदरा महंगाई दर आठ साल के शिखर पर पहुंचते हुए अप्रैल में 7.79 फीसदी पर पहुंच गई है, जबकि थोक महंगाई दर 15 फीसदी के पार पहुंच गई है। इसके साथ ही उन्होंने क्रूड ऑयल



की बढ़ती कीमतों और देश में टमाटर के दाम आसमान पर पहुंचने का भी जिक्र किया।

**एमएसएफ बढ़कर 5.15 फीसदी हुआ**

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध ने महंगाई में इजाफे में अहम भूमिका निभाई है। लेकिन इसके बावजूद देश की अर्थव्यवस्था सुधार के रास्ते पर है। रेपो दरों में बढ़ोतरी के साथ ही आरबीआई ने एमएसएफ को 50 बीपीएस बढ़ाकर 5.15 फीसदी, स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) को बढ़ाकर 4.65 फीसदी कर दिया है।

**होम-ऑटो समेत अन्य लोन महंगे**

आरबीआई के इस फैसले के बाद लोन लेने वाले ग्राहकों को तगड़ा झटका लगा है, क्योंकि रेपो दरों में वृद्धि के चलते होम, ऑटो और पर्सनल लोन समेत सभी तरह के लोन महंगे हो जाएंगे और ग्राहकों की ईएमआई में इजाफा हो जाएगा। यानी अब ईएमआई के लिए आपकी जेब से ज्यादा पैसे खर्च होंगे। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि जिस तक के भू-राजनैतिक हालात पैदा हुए हैं, इनके बीच इस तरह का फैसला लेना बेहद जरूरी था।

**6.7 फीसदी किया महंगाई दर का अनुमान**

भू-राजैनतिक हालातों का हवाला देते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि आरबीआई ने भारत के मुद्रास्फीति अनुमान को पहले जताए गए 5.7 प्रतिशत से संशोधित करते हुए अब 6.7 प्रतिशत कर दिया है, क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध के लंबा खिंचने से वैश्विक स्तर पर कमोडिटी की कीमतों पर दबाव बढ़ा है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 23 के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि का अनुमान 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है, जिसमें जोखिम समान रूप से संतुलित है

## ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगी सोनिया गांधी, कोरोना के चलते मांगा और समय



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी आज ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं होंगी। सोनिया ने कोरोना के चलते और समय मांगा है। बता दें कि सोनिया पिछले दिनों कोरोना पॉजिटिव हुई थीं। उनकी तबीयत में फिलहाल सुधार है, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें अभी कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है।

**सोनिया को स्वास्थ्य कारणों के चलते मिल सकती है अगली तारीख**-कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को 8 और राहुल गांधी को 5 जून को ईडी के समक्ष पेश होना था। राहुल ने विदेश दौरे की वजह से तय तारीख पर हाजिर होने में असमर्थता जताई थी, जिसके बाद उन्हें 9 जून का समय दिया गया है। सोनिया को भी स्वास्थ्य कारणों के चलते अगली तारीख मिल सकती है या फिर वर्चुअल पूछताछ भी की जा सकती है। चूंकि कोरोना के चलते फिलहाल वो अभी इस हालत में नहीं हैं।

## यूपी के स्कूलों में मराठी को स्वैच्छिक भाषा बनाएं

### भाजपा नेता ने की सीएम योगी से मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री व भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह ने यूपी के सेकंडरी व हायर सेकंडरी स्कूलों में मराठी को स्वैच्छिक भाषा के विकल्प के रूप में रखने की मांग की है। भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह ने सीएम योगी को लिखे पत्र में कहा कि यदि मराठी यूपी की स्वैच्छिक भाषा होगी तो यूपी के विद्यार्थियों को महाराष्ट्र में बेहतर रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सिंह मूल रूप से यूपी के जौनपुर के रहने वाले हैं। वे 2004 में महाराष्ट्र की कांग्रेस सरकार में गृह राज्यमंत्री भी रह



चुके हैं। उन्होंने 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने का समर्थन करते हुए कांग्रेस छोड़ दी थी। इसके बाद वे 2021 में भाजपा में शामिल हो गए थे। सिंह ने मुंबई में अंडरवर्ल्ड के सफाए के बड़े प्रयास किए थे। उन्होंने मराठी संस्कृति को अपना लिया है। वे फर्राटे से मराठी बोलते हैं और उनका मानना है कि जो भी मुंबई आता है उसे मराठी तौर तरीके अपनाने चाहिए। अच्छी मराठी बोलने के कारण सिंह मराठी भाषियों में भी बेहद लोकप्रिय हैं। वे मुंबई में उत्तर भारतीयों का एक जाना पहचाना चेहरा हैं। उत्तर भारतीय समाज में सिंह गहरी पैठ रखते हैं। कांग्रेस ने पहली बार उन्हें विधान परिषद में भेजा। उसके बाद उन्हें विधानसभा का चुनाव लड़ाया। वे कलिना विधानसभा सीट से तीन बार कांग्रेस विधायक चुने गए। वे दिवंगत सीएम विलासराव देशमुख के बेहद करीबी रहे।

## दमोह की समरस पंचायत, अनारक्षित सीटों पर भी पुरुषों ने नहीं किया नामांकन

**दमोह।** मध्य प्रदेश में समरस पंचायत को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की अपील का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश के दमोह जिले की कुंवरपुर खेजरा ग्राम पंचायत में सरपंच के साथ सभी 17 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। आश्चर्यजनक बात यह थी कि सरपंच के अलावा इस ग्राम पंचायत की अन्य सभी सीटें अनारक्षित थीं लेकिन यहां किसी भी सीट पर किसी पुरुष ने नामांकन नहीं किया और सभी 17 पदों पर महिलाओं का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

बीते पंचायत चुनाव में इसी ग्राम पंचायत से सोमेश गुप्ता ने सरपंच का चुनाव जीता था। सोमेश ने प्रदेश में सबसे ज्यादा मतों से यह चुनाव जीता था। जिसके बाद सोमेश को सरपंच संघ का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया गया था। बीते चुनाव में कुल पड़े 1580 वोटों में सोमेश को 1512 वोट हासिल हुए थे। इस बार के पंचायत चुनाव में उनकी पत्नी मीना ने

**अब महिलाएं चलाएंगी गांव की सरकार**



निर्विरोध जीत हासिल की है।

**सोमेश ने किया था अंतरजातीय विवाह**

आपको बता दें कि कुंवरपुर खेजरा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी। सोमेश ने अंतरजातीय विवाह किया था, जिसके चलते अनुसूचित जाति से आने वाली उनकी पत्नी मीना ने इस बार नामांकन किया था। खास बात यह थी कि नामांकन से पहले ही गांववालों ने सर्वसम्मति से तय कर लिया था कि इस बार ग्राम पंचायत में सरपंच समेत सभी पंच निर्विरोध ही चुने जाएंगे।

**समरस पंचायत पर सीएम शिवराज ने किए थे ये ऐलान**

आपको बता दें कि बीते दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समरस पंचायत को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कई घोषणाएं की थीं। सीएम शिवराज ने कहा था कि जिन ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्विरोध निर्वाचित होंगे, उन्हें 5 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा सरपंच पद के लिए वर्तमान निर्वाचन व पिछला निर्वाचन लगातार निर्विरोध होने पर 7 लाख और सरपंच-पंच के सभी पदों पर महिलाओं का निर्वाचन निर्विरोध रूप से होने पर 15 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी।

## फिर डराने लगा कोरोना, 24 घंटे में सामने आए 5000 से ज्यादा मामले

**नयी दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 5,233 नए मामले सामने आने से कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,31,90,282 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 28,857 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 5,233 नए मामले सामने आए हैं जबकि सात और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,24,715 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 28,857 हो गई जो कुल मामलों का 0.07 प्रतिशत है।

कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.72 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,881 की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.72 प्रतिशत है। मंत्रालय के मुताबिक दैनिक संक्रमण दर 1.67 प्रतिशत है जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1.12 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 4,26,36,710 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। देश में अब तक कोविड-19 रोधी टीके की 194.43 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

## अल कायदा ने दिल्ली-मुंबई समेत इन राज्यों में दी आत्मघाती हमलों की धमकी...अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** पैगंबर पर टिप्पणी को लेकर अल कायदा ने दिल्ली, मुंबई, यूपी और गुजरात में आत्मघाती हमलों की धमकी दी है। उपमहाद्वीप में आतंकवादी संगठन अल कायदा ने भारत से संबंधित एक धमकी जारी करते हुए कहा, हम अपने पैगंबर की गरिमा के लिए लड़ेंगे और गुजरात, उत्तर प्रदेश, मुंबई और दिल्ली में खुद को उड़ाने के लिए तैयार हैं। अल कायदा की इस धमकी के बाद राज्यों में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

**अंत का इंतजार करे भगवा**

आतंकवादी संगठन ने धमकी भरे बयान में कहा है कि भगवा को अब दिल्ली और बॉम्बे, यूपी और गुजरात में अपने अंत का इंतजार करना चाहिए। आतंकी संगठन



ने धमकी में कहा कि उन्हें कोई माफी, क्षमादान नहीं मिलेगा और न ही यह मामला निंदा या दुख जताने से खत्म होगा। धमकी भरे बयान में कहा गया है ÷वे न तो अपने घरों में और न ही अपनी गढ़वाली सेना की छावनियों में शरण ले पाएंगे। अगर हम अपने प्यारे पैगंबर का बदला नहीं लेते हैं तो हमारी माताएं हमसे जुदा हो जाएं। हम उन लोगों को मार देंगे जो हमारे पैगंबर का अपमान करते हैं। हम अपने और हमारे बच्चों के शरीर के साथ विस्फोटक बांधेंगे ताकि उन लोगों के रैंकों को उड़ा सकें जो हमारे पैगंबर का अपमान करने की हिम्मत करते हैं... उन्हें कोई माफी या क्षमादान नहीं मिलेगा, न ही शांति और सुरक्षा उन्हें बचाएगी। यह मामला निंदा या दुख के किसी भी शब्द के साथ बंद नहीं होगा।

बयान में भारत पर कब्जा करने वाले हिंदुत्व आतंकवादियों का उल्लेख किया गया है। कहा गया है कि ÷हम अपने पैगंबर की गरिमा के लिए लड़ेंगे, हम दूसरों से अपने पैगंबर के सम्मान के लिए लड़ने और मरने का आग्रह करेंगे। बता दें कि भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने पैगंबर को लेकर टिप्पणी की थी जिसके बाद पार्टी ने उन्हें निलंबति कर दिया। नूपुर ने इसके लिए सार्वजनिक तौर पर माफी भी मांगी थी। नूपुर की टिप्पणी के बाद कई खाड़ी देशों ने भारतीय उत्पादों का बहिष्कार कर दिया है।

## दिल्ली सहित इन राज्यों में भीषण गर्मी की संभावना

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली सहित देश के बड़े हिस्से में झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। उत्तर भारत में पहाड़ों से लेकर मैदानों तक और मध्य भारत में लू से बुरा हाल है। मौसम विभाग द्वारा दिल्ली और आसपास के अन्य इलाकों में भीषण गर्मी को लेकर %ऑरेंज अलर्ट% जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में लू का प्रकोप रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 11 जून से थोड़ी राहत मिलेगी।

आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने कहा कि दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट के साथ हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, यूपी और मध्य प्रदेश, राजस्थान के कुछ हिस्सों में 4 जून से भीषण लू चल रही है। तापमान 44ए-47ए के बीच बदलता रहता है, जो दो दिन और चलेगा। उन्होंने कहा कि हम लोगों को सावधानी से बाहर निकलने की सलाह दे रहे हैं क्योंकि भीषण गर्मी पड़ रही है।

स्काईमेट वेदर के अनुसार आज भी दिल्ली एनसीआर, पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिम राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में सूरज आग बरसाएगा और लू सताएगी। बीते 24 घंटे में पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिम राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और झारखंड के बड़े भाग में लू चली।

**दिल्ली एनसीआर के लिए यलो अलर्ट**



दिल्ली एनसीआर के कुछ क्षेत्रों में पारा 45 डिग्री पार कर रहा है, इसलिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब है कि जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें और निकलें तो लू से बचाव के इंतजामों के साथ। आईएमडी के वैज्ञानिक आर के जेनामणि ने कहा है कि दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री तक रहेगा। नया पश्चिमी विक्षोभ शनिवार रविवार को कुछ राहत बरसा सकता है।

**हिमाचल में लू चलने का अलर्ट जारी**

हिमाचल प्रदेश में आठ व नौ जून को ऊना, मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर, सिरमौर और सोलन में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। दो दिन कुछ स्थानों पर वर्षा की भी संभावना है। मौसम विभाग ने 10 व 11 जून को लाहुल स्पीति, ऊना, हमीरपुर, सोलन व सिरमौर को छोड़ बाकी जिलों में आंधी चलने व बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। कुछ स्थानों पर वर्षा की संभावना है।

**पंजाब में मौसम तल्ख रहेगा**

पंजाब में बुधवार को फिर मौसम तल्ख रहेगा और तापमान में इजाफा होगा। मौसम केंद्र चंडीगढ़ के अनुसार लू चलेगी और गर्म हवाओं की वजह से पारा बढ़ गया है। अगले पांच दिन लोगों की मुश्किलें और बढ़ेंगी और तापमान में कमी की उम्मीद नहीं है।

**उत्तराखंड में भीषण गर्मी का प्रकोप बरकरार**-उत्तराखंड में भीषण गर्मी का प्रकोप बरकरार है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश में आज भी मौसम शुष्क रहेगा। चटख धूप खिलने के साथ लू के थपेड़े जारी रह सकते हैं। मैदानी इलाकों में कहीं-कहीं दिन में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में भी तपिश बरकरार रहेगी।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

**सुविचार** प्रत्येक शिशु एक संदेश लेकर आता है कि भगवान मनुष्य को लेकर हतोत्साहित नहीं है। - रविन्द्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

### असंगत आलोचना

खुद नस्लवाद और असहिष्णुता से घिरे अमेरिका ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के विविधता भरे भारतीय समाज में धार्मिक सहिष्णुता को लेकर सवाल खड़े किये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की एक रिपोर्ट जारी करते हुए धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति पर सवाल खड़े किये हैं। जबकि खुद अमेरिका अपने देश में अश्वेतों व लातिनी अमेरिकी मूल के लोगों के साथ होने वाले अन्याय को लेकर हमेशा खामोश रहता है। दि वाशिंगटन पोस्ट द्वारा 2015 के बाद से सावधानीपूर्वक तैयार किये गये आंकड़ों के अनुसार हर साल करीब एक हजार लोग अमेरिकी पुलिस की गोली का शिकार होते हैं, जिनमें पचास फीसदी लोग अश्वेत होते हैं। यह संख्या अमेरिका में रहने वाले अश्वेतों की जनसंख्या के अनुपात में कहीं ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की जनसंख्या में अश्वेतों का प्रतिशत महज 13 फीसदी से कम है, लेकिन पुलिस द्वारा मारे जाने वाले अश्वेतों की संख्या श्वेतों के मुकाबले दुगनी से अधिक है। इसी तरह लातिनी अमेरिकी मूल के लोगों की मौत भी उनकी जनसंख्या के अनुपात से कहीं अधिक है। निस्संदेह, पुलिस के हाथों मारे जाने वाले अश्वेतों व लातिनी अमेरिकी मूल के लोगों की अधिक मृत्यु अमेरिका में जटिल सामाजिक व आर्थिक कारणों की ओर इशारा करती है। जाहिरा तौर पर इसके मूल में नस्लवाद एक बड़ा कारण माना जाता है। इस तरह हम देखते हैं कि अमेरिका में सामान्य आबादी की तुलना में काले लोगों को बंदूक से मारने की संभावना चार गुना अधिक है और एक गोरे व्यक्ति की तुलना में 12 गुना अधिक आशंका है। ऐसी परिस्थितियों में अमेरिका जैसे देश को कोई नैतिक अधिकार नहीं है कि वह किसी दूसरे देश को सहिष्णुता व धार्मिक-सामाजिक आजादी पर नसीहत दे सके। अपने कूटनीतिक व सामरिक हितों की पूर्ति के लिये नागरिक अधिकारों को ताक में रखने वाले अमेरिका की वैश्विक शांति में खलल में भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निस्संदेह, जिस व्यक्ति का अपना घर ठीक न हो, उसे किसी दूसरे के घर पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं हो सकता। घर में असमानता के अलावा दुनिया के लोकतांत्रिक समाजों को मुश्किल में डालने के अमेरिकी रिकॉर्ड से दुनिया वाकिफ है। ऐसे में खुद को नैतिकता के प्रकाश स्तंभ के रूप में दर्शाने का अमेरिका को कोई अधिकार नहीं है। निस्संदेह भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसी तरह आस्थाओं की विविधता का देश भी है। वे धार्मिक सभ्यताएं जो पूरी दुनिया से मिट चुकी हैं, लेकिन भारत में खूब फली-फूली हैं। निस्संदेह, हाल के दिनों में धार्मिक असहिष्णुता के वाकये प्रकाश में आये हैं, जिसके राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। बेशक, कोई भी सभ्य समाज धार्मिक कट्टरता का कतई समर्थन नहीं कर सकता। स्वस्थ आलोचना का स्वागत किया जाना चाहिए जो सही मायनों में मार्गदर्शक हो। लेकिन खुद ही दुनिया की पुलिस बनकर लोकतांत्रिक देशों को हांकने की किसी कवायद को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। विगत में भी अमेरिका दुनिया की लोकतांत्रिक सरकारों पर इस तरह के दबाव बनाकर अपने मंसूबों को पूरा करने का प्रयास करता रहा है। यह जानते हुए भी कि खुद अमेरिका में सामाजिक व धार्मिक असहिष्णुता का दागदार रिकॉर्ड रहा है। निस्संदेह, भारतीय समाज में कई तरह की जटिलताएं हैं, जो औपनिवेशिक शासन की साजिशों की भी देन रही हैं। उसके मूल में ऐतिहासिक कारण भी रहे हैं, जिसके चलते हिंसा की घटनाओं को प्रश्रय मिला है। इस समस्या को जटिल बनाने में हमारे कुछ पड़ोसी देशों की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। निस्संदेह किसी भी सभ्य व लोकतांत्रिक समाज में धार्मिक सहिष्णुता व समतामूलक व्यवहार अपरिहार्य ही है।

## राज्यसभा चुनाव में चलेगी गहलोत की जादूगरी?

( लेखक- रमेश सर्राफ धमोरा)

राजस्थान से राज्यसभा के लिए चार नए सदस्यों का चुनाव होना है। आगामी 10 जून को इसके लिए वोट डाले जाएंगे। राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने तीन प्रत्याशी व भाजपा ने एक प्रत्याशी खड़ा किया है। वही हरियाणा से राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा के निर्दलीय मैदान में उतर जाने के बाद राजस्थान में राज्यसभा का चुनाव रोचक हो गया है। चुनाव का नतीजे अब वोटो से ही तय होना निश्चित हो गया है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने अपने समर्थक विधायकों को उदयपुर में एक रिसोर्ट में ले जाकर रखा हुआ है। राजस्थान में 200 विधायक है तथा चार सदस्यों का चुनाव होना है। ऐसे में जीत के लिए हर सदस्य को 41 मतों की जरूरत पड़ेगी। कांग्रेस पार्टी ने वरीयता क्रम में मुकुल वासनिक, रणदीप सुरजेवाला व प्रमोद तिवारी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के समर्थन से सुभाष चंद्रा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे हैं। 4 सीटों पर 5 प्रत्याशी मैदान में आने के कारण चुनाव होना तय हो गया है। कांग्रेस को अपने तीनों प्रत्याशी जिताने के लिए 123 वोट चाहिए। जबकि पार्टी के पास खुद के 108 वोट है। बाकी 15 वोट उन्हें निर्दलीय और अन्य दलों से प्राप्त करने होंगे। भाजपा के 71 सदस्य होने के कारण उनके प्रत्याशी की आसानी से जीत हो जाएगी। पार्टी अपने बचे हुए 30 वोट निर्दलीय सुभाष चंद्रा को देती है तो भी जीत के लिए सुभाष चंद्रा को 11 और वोटों की जरूरत पड़ेगी। जो उन्हें निर्दलीय व अन्य दलों के विधायको से लेने होंगे। मीडिया मुगल सुभाष चंद्रा के चुनाव मैदान में आने से राजस्थान में राज्यसभा चुनाव में विधायकों की खरीद-फरोख्त की संभावना बढ़ गई है। इसी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अपने समर्थक विधायकों की उदयपुर में बाड़े बंदी कर दी है। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरे सुभाष चंद्रा ने दावा किया था कि उनकी कई छोटे दलों के व निर्दलीय विधायकों से बात हो चुकी है। उनके वोट उन्हें मिलेंगे इसीलिए वह मैदान में उतरे हैं। सुभाष चंद्रा पिछली बार भी हरियाणा में चुनावी उलटफेर करके ही चुनाव जीत गए थे। वैसी ही संभावनायें वह राजस्थान में भी देख रहे हैं। मगर हरियाणा व राजस्थान की परिस्थितियों में काफी फर्क है। पिछले चुनाव में सुभाष चंद्रा की जीत का सबसे बड़ा कारण हरियाणा में भाजपा की सरकार का होना था। जबकि अभी राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और राजनीति के जादूगर माने जाने वाले अशोक गहलोत मुख्यमंत्री है। ऐसे में सुभाष चंद्रा के लिए जीत की राह हरियाणा की तरह आसान नहीं होगी। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार भारी बहुमत से शासन कर रही है। भाजपा व हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायकों को छोड़कर बाकी सभी विधायकों का सरकार को समर्थन मिला हुआ है। ऐसे में राज्यसभा चुनाव में भी अशोक गहलोत तीनों ही प्रत्याशियों को जीता कर राजनीति में अपनी जादूगरी दिखाने का हर संभव प्रयास करेंगे। राजस्थान में कांग्रेस के तीनों ही अधिकृत प्रत्याशी बाहर के होने के कारण कई विधायकों में असंतोष देखा गया था। कांग्रेस पार्टी द्वारा राजस्थान के एक भी व्यक्ति को अपना प्रत्याशी नहीं बनाए जाने के कारण कांग्रेस को क्रास वोटिंग का डर सता रहा है। राज्यसभा चुनाव की घोषणा से पहले अल्पसंख्यक, आदिवासी समाज की तरफ से उनके किसी नेता को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की जा रही थी। मगर कांग्रेस आलाकमान ने सभी की मांग ठुकराते हुए तीनों ही प्रत्याशी केंद्र की राजनीति करने वाले नेताओं को बना दिया। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। जबकि भाजपा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी को टिकट देकर एक तीर से कई शिकार किए हैं। एक तरफ जहां ब्राह्मण समाज के दिग्गज नेता को राज्यसभा में भेजा जा रहा है। वही वसुंधरा राजे के धुर विरोधी तिवाड़ी को टिकट देकर भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा राजे को बता दिया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में उनको चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा जाएगा। लोगों में चर्चा है कि अशोक गहलोत अपने तीनों ही प्रत्याशियों को जीता कर ले जाएंगे। मगर जिस तरह से कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश की तीनों सीटों पर बाहरी उम्मीदवारों को थोपा है उसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को आगे चलकर विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ सकता है। राजस्थान में अभी कांग्रेस के 3 राज्य सभा सांसद है। जिनमें से दो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व कांग्रेस के संगठन महामंत्री वेणुगोपाल प्रदेश से बाहर के हैं। यदि इस चुनाव में तीनों ही प्रत्याशी जीत जाते हैं तो पार्टी के 6 में से 5 सांसद प्रदेश से बाहर के हो जायेंगे। राज्यसभा चुनाव में अक्सर देखा जाता है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ दल को फायदा मिलता है। पिछली बार वसुंधरा राजे की सरकार में 4 सीटों पर हुये चुनाव में कांग्रेस ने निर्दलीय कमल मोरारका को समर्थन देकर मैदान में उतार दिया था। चुनाव में उन्हें 35 मत ही मिले थे और भाजपा के चारों ही प्रत्याशी चुनाव जीत गए थे। उसी तरह इस बार कांग्रेस के तीनों ही प्रत्याशी जीतने की अधिक संभावना लग रही है। बसपा से कांग्रेस में आए उदयपुरवाटी के विधायक व सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने भी तीनों ही



प्रत्याशी प्रदेश से बाहर के होने पर नाराजगी जताई थी। उनका कहना था कि राजस्थान के किसी नेता को राज्यसभा प्रत्याशी बनाते तो प्रदेश की जनता को अधिक लाभ मिलता। ऐसे ही पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक भरत सिंह ने भी तीनों ही बाहरी प्रत्याशियों को लेकर खुलकर नाराजगी जताई है। कांग्रेस को समर्थन दे रहे निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने भी आलाकमान द्वारा घोषित तीनों नामों पर आपत्ति जताई है। मगर वह खुद पूर्व में प्रियंका गांधी, कुमार विश्वास, कन्हैया कुमार जैसे बाहरी लोगों को टिकट देने की वकालत कर चुके थे। भाजपा की तरफ से कमान केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी महासचिव अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने संभाल रखी है। वहीं कांग्रेस की कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथ में है। गहलोत किसी भी तरह तीनों प्रत्याशियों को जिता कर अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं। इससे वो आलाकमान की नजरों में नंबर वन बन जाएंगे। साथ ही सचिन पायलट को भी कमजोर करने में सफल होंगे। राजस्थान से राज्यसभा चुनाव लड़ रहे तीनों ही नेता कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के नजदीकी लोगों में शुमार है। ऐसे में चुनाव जीतने पर यह नेता दिल्ली की राजनीती में मुख्यमंत्री गहलोत की बात का समर्थन करेगें। इससे गहलोत का पक्ष मजबूत होगा। चुनावों में कौन जीतता है कौन हारता है इसका सही पता तो नतीजों के बाद ही लग पाएगा। मगर फिलहाल राजस्थान में राज्यसभा का चुनाव पूरे शबाब पर है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत को लेकर समीकरण बिठाने में लगे हुए हैं।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं)

## कोरल प्रजाति को करें संरक्षित

(लेखक - विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन)

( 9 जून कोरल त्रिभुज दिवस)

कोरल त्रिभुज (सीटी) इंडोनेशिया, मलेशिया, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, सोलोमन द्वीप और तिमोर-लेस्ते के आसपास के उष्णकटिबंधीय जल में लगभग त्रिकोणीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में प्रत्येक क्षेत्र में रीफ-बिल्डिंग कोरल की कम से कम 500 प्रजातियां शामिल हैं।प्रवाल त्रिभुज प्रशांत और भारतीय महासागरों के बीच स्थित है और इसमें दो जैव-भौगोलिक क्षेत्रों के हिस्से शामिल हैं- इंडोनेशियाई-फिलीपींस क्षेत्र और सुदूर दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र। दुनिया के आठ प्रमुख प्रवाल भित्ति क्षेत्रों में से एक के रूप में, कोरल त्रिभुज को समुद्री जैव विविधता के एक वैश्विक केंद्र और संरक्षण के लिए एक वैश्विक प्राथमिकता के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसके जैविक संसाधन इसे समुद्री जैव विविधता का वैश्विक हॉटस्पॉट बनाते हैं।

'समुद्र के अमेज़ॅन' के रूप में जाना जाता है (दक्षिण अमेरिका में अमेज़ॅन वर्षावन के अनुरूप), यह समुद्र के पानी के 5.7 मिलियन वर्ग किलोमीटर (2,200,000 वर्ग मील) को कवर करता है। इसमें दुनिया की 76ब्र से अधिक उथले-पानी की रीफ़-बिल्डिंग कोरल प्रजातियाँ, इसकी 37ब्र रीफ़ मछली प्रजातियाँ, 50ब्र रेज़र क्लैम प्रजातियाँ, दुनिया की सात समुद्री कछुओं की प्रजातियों में से छह और दुनिया की सबसे बड़ी मैंग्रोव शामिल हैं। जंगल।

2014 में, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बताया कि कोरल त्रिभुज में समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 1.2 ट्रिलियन डॉलर प्रति वर्ष है और 120 मिलियन से अधिक लोगों को भोजन प्रदान करता है। कोरल ट्राएंगल नॉलेज नेटवर्क के अनुसार, यह क्षेत्र सालाना मत्स्य निर्यात से लगभग 3 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा आय लाता है, और अन्य 3 अरब डॉलर तटीय पर्यटन राजस्व से लाता है।

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर इस क्षेत्र को समुद्री संरक्षण के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता मानता है, और 2007 में शुरू किए गए अपने कोरल ट्राएंगल प्रोग्राम के माध्यम से इस क्षेत्र के लिए पारिस्थितिक खतरों को संबोधित कर रहा है। त्रिभुज में जैव विविधता का केंद्र वर्डे द्वीप मार्ग है। फिलीपींस। इस क्षेत्र का एकमात्र प्रवाल भित्ति क्षेत्र जिसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है, वह फिलीपींस में तुब्बाताहा रीफ प्राकृतिक पार्क में है। प्रवाल त्रिभुज की उच्च प्रजाति विविधता के पीछे के सिद्धांत तीन अलग-अलग सिद्धांत हैं कि क्यों मूंगा त्रिभुज (ईस्ट इंडीज त्रिभुज) में प्रजातियों की इतनी अधिक विविधता है, और प्रत्येक सिद्धांत एक अलग व्याख्यात्मक मॉडल का प्रस्ताव करता है। उन्हें आमतौर पर 'उत्पत्ति का केंद्र' मॉडल, 'ओवरलैप का केंद्र' मॉडल और 'संचय का केंद्र' मॉडल कहा जाता है। मूल मॉडल का केंद्र यह मानता है कि द्वीपसमूह के क्षेत्र में उच्च विविधता आबादी एक केंद्रीय रूप से स्थित पैतृक आबादी का हिस्सा है जो बाद में विभिन्न परिधीय स्थानों में फैल गई। ओवरलैप मॉडल का केंद्र यह मानता है कि मूल रूप से विभिन्न जैव-भौगोलिक क्षेत्रों में प्रजातियां जनसंख्या विभाजन (विभिन्नता) के परिणामस्वरूप एक साथ आईं और बाद में अपनी सीमा का विस्तार किया। संचय मॉडल का केंद्र यह मानता है कि पैतृक आबादी जो मूल रूप से परिधीय स्थानों में बिखरी हुई थी, एक केंद्रीय स्थान पर एक साथ आई और एक विविध आबादी का गठन किया। संरक्षण कोरल ट्राएंगल क्षेत्र की सरकारों, प्रकृति संरक्षण संगठनों जैसे वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर, द नेचर कंजर्वेसी एंड कंजर्वेशन इंटरनेशनल, और एशियाई विकास बैंक, ग्लोबल एनवायरनमेंट फैसिलिटी जैसी दाता एजेंसियों द्वारा उच्च-स्तरीय संरक्षण प्रयासों का विषय है प्रवाल भित्तियों, मत्स्य पालन और खाद्य सुरक्षा पर कोरल त्रिभुज पहल अगस्त 2007




को, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति युधोयोनो ने सीटी (मलेशिया, तिमोर-लेस्ते, पापुआ न्यू गिनी, सोलोमन द्वीप और फिलीपींस) में भौगोलिक रूप से स्थित पांच अन्य देशों के साथ 'क्षेत्र के समुद्री और तटीय जैविक संसाधनों की सुरक्षा' के लिए एक बहुपक्षीय साझेदारी का प्रस्ताव रखा। बहुपक्षीय साझेदारी को कोरल रीफ, मत्स्य पालन और खाद्य सुरक्षा (सीटीआई-सीएफएफ) पर कोरल त्रिभुज पहल के रूप में नामित किया गया। सीटीआई-सीएफएफ के लक्ष्य प्राथमिकता वाले समुद्री दृश्य नामित और प्रभावी ढंग से प्रबंधित मत्स्य पालन के प्रबंधन के लिए पारिस्थितिक तंत्र दृष्टिकोण (श्वस्नरू) और अन्य समुद्री संसाधन पूरी तरह से लागू समुद्री संरक्षित क्षेत्र (एमपीए) स्थापित और प्रभावी ढंग से प्रबंधित जलवायु परिवर्तन अनुकूलन उपायों को हासिल किया गया संकटग्रस्त प्रजातियों की स्थिति में सुधार प्रवाल त्रिभुज की सीमाओं के बीच काफी ओवरलैप है जो मुख्य रूप से उच्च प्रवाल जैव विविधता (500 से अधिक प्रजातियों) पर आधारित हैं, और सीमाएं प्रवाल भित्ति मछलियों के लिए सबसे बड़ी जैव विविधता के क्षेत्र पर आधारित हैं।

## आज के कार्टुन




## दोस्ती

आचार्य रजनीश ओशो/ मेरे कई दोस्त हैं, लेकिन संकट के इस समय में सवाल आया- सच्चा दोस्त कौन है? 'आप गलत छोर से पूछ रहे हैं। कभी मत पूछो, 'मेरा असली दोस्त कौन है?' पूछो, 'क्या मैं किसी का सच्चा दोस्त हूं?' यही सही सवाल है। आप दूसरों के बारे में चिंतित क्यों हैं वे आपके मित्र हैं या नहीं? 'कहावत है- जरूरतमंद दोस्त ही दोस्त होता है, लेकिन गहरे में वह लालच है! वह दोस्ती नहीं है, वह प्यार नहीं है। तुम दूसरे को साधन के रूप में उपयोग करना चाहते हो, और कोई भी मनुष्य साधन नहीं है, प्रत्येक मनुष्य अपने आप में साध्य है। तुम इतने चिंतित क्यों हो कि असली दोस्त कौन है? 'असली सवाल यह होना चाहिए- क्या मैं लोगों के अनुकूल हूं?' दोस्ती की मेरी समझ गलत है तो दोस्ती क्या है? 'दोस्ती बिना किसी जैविक पहलू के प्यार है। यह वह मित्रता नहीं है जिसे आप साधारणतया समझते हैं - प्रेमी, प्रेमिका। जीव विज्ञान से जुड़े किसी भी रूप में मित्र शब्द का प्रयोग सरासर मूर्खता है। यह मोह और पागलपन है। आपका उपयोग जीव विज्ञान द्वारा प्रजनन उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। अगर आपको लगता है कि आप प्यार में हैं, तो आप गलत हैं; यह सिर्फ हार्मोनल आकषर्ण है। हार्मोन के इंजेक्शन से ही पुरु ष स्त्री बन सकता है और स्त्री पुरु ष बन सकती है। 'दोस्ती बिना किसी जैविक पहलूके प्यार है। यह एक दुर्लभ घटना बन गई है। अतीत में यह बहुत अच्छी बात हुआ करती थी, लेकिन अतीत में कुछ महान चीजें पूरी तरह से गायब हो गई हैं। बड़ी अजीब बात है कि कुरूप चीजें जिद्दी होती हैं, और सुंदर चीजें बहुत नाजुक होती हैं, वे मर जाती हैं और बहुत आसानी से गायब हो जाती हैं। 'आज मैत्री को या तो जैविक शब्दों में समझा जाता है या आर्थिक दृष्टि से, या समाजशास्त्रीय शब्दों में परिचित के संदर्भ में, एक प्रकार का परिचय।' 'यह मैत्री अभी भी वैसे ही संभव है जैसे आप अभी हैं। ऐसी मैत्री बेहोश लोगों की भी हो सकती है, लेकिन अगर आप अपने होने के प्रति ज्यादा जागरूक होने लगें तो मैत्री मित्रता में बदलने लगती है। मित्रता का एक व्यापक अर्थ है, एक बहुत बड़ा आकाश। 'मैत्री की तुलना में मित्रता एक छोटी सी चीज है। मैत्री टूट सकती है; मित्र शत्रु बन सकता है। मैत्री के सच में यह संभावना अंतर्निहित रहती है। 'यह मनुष्य की अचेतन अवस्था है जहां प्रेम अपने ठीक पीछे घृणा छिपा रहा है, जहां आप उसी व्यक्ति से घृणा करते हैं, जिससे आप प्रेम करते हैं लेकिन आप इसके प्रति जागरूक नहीं हैं।'

## सू-दोकू नवताल - 2137

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | | 7 |
| 5 | 3 | | | 7 | 9 | | | |
| | | 8 | | 1 | | | | |
| 8 | 2 | | | | | 5 | | 6 |
| 3 | | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | | 9 |
| 1 | | 7 | | | | | 3 | 4 |
| | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | 7 | 2 | | | 9 | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

### सू-दोकू 2136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 7 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 9 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 2 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 X 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## फिल्म वर्ग पहेली-2137



### बायें से दायें:-

1. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-2
2. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-2,3
6. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-2
7. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-3
8. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-2
10. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-3
11. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-3
14. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-2,2
16. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-2
17. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-3
19. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-3,2
23. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-3
24. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-3
25. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-2
26. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-4
27. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-2,2

### ऊपर से नीचे:-

1. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-3
2. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-2,3
3. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-3
4. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-2,2
5. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-3
9. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-2
12. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-3
13. किशोर कुमार, चॉद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-3
14. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-2
15. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-3
18. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-2
19. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-2
20. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-3
21. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-2,2
22. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-4
23. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-3

### फिल्म वर्ग पहेली- 2136

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ई | मि | ल | न | की | बे | ला | | शा |
| गा | | ल | | र्गि | | ना | | मि | ली |
| ज | मी | न | | स | न | म | | | मा |
| | ना | | सु | | गी | | पिं | ज | र |
| ज | | प | र | वा | न | | | ल्ला | |
| ग | द | र | | स्त | | दो | ब | द | न |
| ल | | ख | | व | ध | | ल | | व |
| | क | | ना | | न | ग | मा | | रं |
| श | ह | जा | दा | | वा | | | रं | ग |
| | र | | न | या | न | शा | | भा | |

## क्रेडिट कार्ड को यूपीआई प्लेटफॉर्म से जोड़ने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए रेपो रेट में 0.50 फीसदी का इजाफा कर दिया। इसके बाद नीतिगत दरें 4.40 फीसदी से बढ़कर 4.90 फीसदी हो गईं। इसके साथ ही दास ने क्रेडिट कार्ड और सहकारी बैंकों को लेकर भी बड़ी घोषणाएं की हैं। आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म से जोड़ने की अनुमति देने का प्रस्ताव दिया है। गवर्नर दास ने कहा कि शुरुआत में रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, जो उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेगा और डिजिटल भुगतान का दायरा बढ़ाएगा। गौरतलब है कि वर्तमान में यूपीआई उपयोगकर्ताओं के डेबिट कार्ड के माध्यम से बचत या चालू खातों को जोड़कर लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है। आवास क्षेत्र में ऋण प्रवाह को गहरा करने के लिए आरबीआई ने आज सहकारी बैंकों के लिए घोषणाएं कीं। गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि सहकारी बैंक अब व्यक्तिगत होम लोन के लिए अधिक उधार दे सकेंगे। यह आवासीय आवास क्षेत्र में बेहतर ऋण प्रवाह सुनिश्चित करेगा। दास ने कहा कि आवासीय आवास की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों द्वारा दिए गए व्यक्तिगत आवास ऋण की सीमा को घर की कीमतों में वृद्धि को देखते हुए 100 फीसदी से अधिक संशोधित किया जा रहा है।

## एनएमडीसी के शेयरधारकों, ऋणदाताओं की बैठक 28 जून तक टली

**नई दिल्ली ।** निर्माणाधीन नगरनार स्टील प्लांट (एनएसपी) को अलग करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एनएमडीसी के शेयरधारकों और ऋणदाताओं की बैठक 28 जून तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इस्पात मंत्रालय ने यह बैठक सात जून, 2022 को बुलाई थी। सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि कॉरपोरेट मामले के मंत्रालय की तरफ से नियुक्त चेयरपर्सन और शेयरधारकों के कोरम के अभाव में बैठक को 28 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। मंत्रालय के अनुसार दोनों बैठकों की अध्यक्षता के लिए अतिरिक्त इस्पात सचिव रसिका चौबे को नामित किया गया है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अक्टूबर 2020 में एनएमडीसी से एनएसपी के अलग करने और केंद्र की पूरी हिस्सेदारी एक रणनीतिक खरीदार को बेचने की मंजूरी दी थी।

## लागत से कई गुना ज्यादा मुनाफा, सिर्फ 5 साल में नीलगिरी की खेती से करोड़पति बन सकते हैं किसान



**नई दिल्ली ।** भारत में बड़े पैमाने पर नीलगिरी यानी यूकेलिप्टस के पेड़ों की खेती की जाती है। इस पेड़ की सबसे खास बात है कि अन्य फसलों के मुकाबले इसमें मेहनत की आवश्यकता कम पड़ती है। इसके रखरखाव और देखभाल की खास जरूरत नहीं पड़ती। यूकेलिप्टिस के पेड़ की खेती को दुरुस्त तरीके से किया जाए तो बेहद कम समय में लाखों-करोड़ों का मुनाफा कमाया जा सकता है। नीलगिरी की खेती पूरे भारत में किसी भी जगह हो सकती है। पहाड़ी क्षेत्र हो या मैदान हर जगह इस पेड़ को लगाया जा सकता है। मौसम का भी इस पेड़ पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता। विशेषज्ञों के अनुसार एक हेक्टेयर क्षेत्र में यूकेलिप्टस के 3000 हजार पौधे लगाए जा सकते हैं। इन पेड़ों को लगाने में ज्यादा से ज्यादा 30 हजार का निवेश करके लाखों का मुनाफा की चाह रखने वाले किसानों के लिए पेड़ लगाना फायदे का सौदा हो सकता है। नीलगिरी की लकड़ियां बेहद मजबूत मानी जाती हैं। पानी से भी ये लकड़ियां जल्दी खराब नहीं होती हैं। इनका इस्तेमाल पेटियां, ईंधन, हार्ड बोर्ड, फर्नीचर और पार्टिकल बोर्ड इत्यादि बनाने के लिए किया जाता है। यह पेड़ केवल 5 साल में अच्छी तरह से विकास कर लेता है। इसके बाद इनकी कटाई कर किसान अच्छा मुनाफा कमा सकता है। नीलगिरी के एक पेड़ से लगभग 400 किलो लकड़ी प्राप्त होती है। बाज़ार में यूकेलिप्टिस की लकड़ी 6-7 रुपए प्रति किलो के भाव से बिकती है। ऐसे में अगर हम एक हेक्टेयर में तीन हजार पेड़ लगाते हैं। तो आसानी से 72 लाख रुपए तक कमा सकते हैं।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर बढ़ाने से बुधवार को मुम्बई शेयर बाजार गिरा है। इसी के साथ ही बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही। आरबीआई ने नीतिगत दर में 0.50 फीसदी की वृद्धि की है जिसके बाद बाजार नीचे आया है। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार पूंजी निकालने से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई संसेक्स 214.85 अंक करीब 0.39 फीसदी नीचे आकर 54,892.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 55,423.97 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद 54,683.30 अंक के निचले स्तर तक गिरा। वहीं पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी भी 60.10 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी नीचे आकर 16,356.25 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई के रेपो दर बढ़ाने से मकान, वाहन और अन्य कर्ज की मासिक किस्त ईएमआई भी बढ़ेगी। सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा के शेयर गिरे हैं जबकि दूसरी ओर टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, डॉ. रेड्डीज, बजाज फाइनेंस, टीसीएस और टाइटन के शेयर लाभ में रहे। बाजार जानकारों के अनुसार रेपो दर में 0.50 फीसदी की वृद्धि यह आरबीआई ने संदेश दिया है कि वह मुद्रास्फीति को नियंत्रण में करना चाहता है। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो चीन में शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरा है। वहीं यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट रही।

## सोना और चांदी की कीमत में गिरावट

**मुंबई ।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमत में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के बाद सोना फिर 51100 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 62000 रुपए प्रति किलो हो गई है। इसके साथ ही सोना लगभग 5100 और चांदी 17900 रुपए से ज्यादा सस्ता मिल रही है। मंगलवार को सोना 23 रुपए प्रति दस ग्राम की दर से सस्ता होकर 51089 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ। जबकि पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सोना 343 रुपए प्रति दस ग्राम की दर से सस्ता होकर 51112 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं मंगलवार को चांदी 540 रुपए सस्ता होकर 62052 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई। वहीं सोमवार को चांदी 196 रुपए सस्ता होकर 62592 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई था। इस तरह मंगलवार को 24 कैरेट वाला सोना 23 रुपए सस्ता होकर 51089 रुपए, 23 कैरेट वाला सोना 23 सस्ता होकर 50884 रुपए, 22 कैरेट वाला सोना 21 सस्ता होकर 46798 रुपए, 18 कैरेट वाला सोना 17 रुपए सस्ता होकर 38317 रुपए और 14 कैरेट वाला सोना 14 रुपए सस्ता होकर 29887 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था।

## रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा की मुख्य बातें

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा बुधवार को पेश चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा की मुख्य बातें निम्न प्रकार हैं-

- प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.9 प्रतिशत किया गया। पांच सप्ताह में यह रेपो दर में दूसरी बढ़ोतरी है।
- रेपो दर अब भी महामारी-पूर्व के स्तर से नीचे है।
- मुद्रास्फीति पर काबू और वृद्धि को समर्थन के लिए केंद्रीय बैंक अपने उदार नीतिगत रुख को वापस लेने पर ध्यान देगा।
- चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 5.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत किया गया।
- वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिकूल परिस्थितियों की वजह से खाद्य तेल कीमतों पर दबाव। हाल में कीमतों में कुछ कमी आई है।
- तनावपूर्ण वैश्विक स्थिति की वजह से घरेलू मुद्रास्फीति परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता।
- 2022-23 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 7.2 प्रतिशत पर बरकरार।
- आर्थिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ रही हैं। सामान्य मानसून से ग्रामीण खपत बढ़ेगी।
- क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ा जाएगा। रूपे क्रेडिट कार्ड पहले जुड़ेंगे।
- ग्रामीण सहकारी बैंकों को वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र को कर्ज देने की अनुमति।
- शहरी सहकारी बैंक घर के दरवाजे पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा सकेंगे।
- इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से नियमित अंतराल पर जरूरी सेवाओं के लिए खुद-ब-खुद होने वाले भुगतान को 5,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए किया गया।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक के फैसलों पर विशेषज्ञों की राय

**नयी दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महंगाई पर काबू पाने के लिए रेपो दर में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की घोषणा की है। देश में खुदरा महंगाई दर लगातार चौथे माह आरबीआई की निर्धारित सीमा छह प्रतिशत (टॉलरेंस लेवल) से ऊपर रही है। आरबीआई ने साथ ही खुदरा महंगाई दर के अनुमान में संशोधन किया है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास अनुमान को भी जारी किया है। आरबीआई के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों के दौरान खुदरा महंगाई दर के छह प्रतिशत से उपर बने रहने का अनुमान है और चौथी तिमाही में इसमें गिरावट आ सकती है। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि उसने अपने अनुमान में मौद्रिक नीति समिति द्वारा रेपो दर में किये गये बदलाव के प्रभाव के आंकलन को जोड़ा नहीं है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि वित्त वर्ष 23 में खुदरा महंगाई के अनुमान में करीब 75 प्रतिशत योगदान खाद्य पदार्थों के समूह का रहेगा। रिजर्व बैंक ने खुदरा मुद्रास्फीति दर के चालू वित्त वर्ष में 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इसके अलावा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए खुदरा महंगाई दर के 7.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही के लिए 7.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के लिए 6.2 प्रतिशत तथा चौथी तिमाही के लिए 5.8 प्रतिशत का अनुमान जताया गया है। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 23 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। केंद्रीय बैंक ने पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर के 16.2 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.1 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक के फैसलों को लेकर विशेषज्ञों की राय जुदा-जुदा है। हालांकि, लगभग सभी विशेषज्ञों ने एक सुर में यह स्वीकार किया है कि रेपो दर में की गई बढ़ोतरी, उनके अनमुान के मुताबिक है। विशेषज्ञों के मुताबिक शेयर बाजार पर रेपो दर में की गई बढ़ोतरी का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि निवेशक पहले से ही इस फैसले की उम्मीद कर रहे थे। दरअसल केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कुछ दिनों पहले दिये गये अपने एक साक्षात्कार में यह कहा था कि जून की बैठक में नीतिगत दर बढ़ायें जाएंगे लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया था कि यह बढ़ोतरी कितनी होगी। शेयर इंडिया के उपाध्यक्ष एवं शोध प्रमुख रवि सिंह ने कहा कि बैठक के फैसले उम्मीद के मुताबिक ही रहे हैं। आरबीआई द्वारा रेपो दर में बढ़ोतरी किये जाने की बात को शेयर बाजार पहले ही स्वीकार कर चुका था। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पूरी दुनिया में महंगाई निर्धारित सीमा से अधिक बढ़ी है और इससे आर्थिक विकास प्रभावित हो रहा है। वैसे, कच्चे माल और ईंधन की कीमतों में उछाल के कारण पहले से ही मुसीबतों का सामना कर रहे उद्योग जगत को अब दरों में बढ़ोतरी के बोझ का भी वहन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व भी नीतिगत दरों में बढ़ोतरी कर रहा है इसीलिए इस बात की पूरी संभावना है कि इसका असर सिर्फ शेयर बाजार तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि डेट और बांड बाजार में भी बिकवाली जल्द ही देखने को मिलेगी। यही राय आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक सुजन हाजरा की भी रही। प्रोफिशिएंट एक्विटीज के संस्थापक एवं निदेशक मनोज डालमिया ने कहा कि रेपो दर बढ़ाने से बैंकों के लिए ऋण देने की लागत बढ़ जाएगी।

# भारतीय किसान संघ ने सभी कृषि बिजली उपभोक्ताओं के लिए समान दर की मांग की



**गांधीनगर।**

भारतीय किसान संघ (बीकेएस) ने मांग की है कि राज्य सरकार सभी कृषि बिजली उपभोक्ताओं के साथ शुल्क के मामले में समान व्यवहार करे और तदर्थ कनेक्शन और मीटर कनेक्शन के आधार पर भेदभाव न करे। अगर सरकार 15 जून से पहले फैसला नहीं करती है, तो बीकेएस जागरूकता कार्यक्रम शुरू करेगी और उसके बाद जुलाई में विरोध प्रदर्शन करेगी। बीकेएस के राज्य महासचिव रमेश पटेल ने कहा, जब न्यूनतम समर्थन मूल्य सभी किसानों के लिए समान है, तो यह (सरकार) किसानों से बिजली के लिए अलग-अलग दरें कैसे ले सकती है? एक हॉर्स पावर तदर्थ कनेक्शन वाला किसान (जिसकी पैमाइश नहीं की जाती) प्रतिवर्ष 665 रुपये का भुगतान करता है, जो कि एक वर्ष में 100 हॉर्स पावर की खपत के लिए 66,500 रुपये है। इसके विपरीत, कृषि बिजली कनेक्शन और मीटर स्थापित करने वाले किसानों को पहले पांच वर्षों के लिए 80 पैसे प्रति यूनिट और 20 रुपये का भुगतान किया जाता है। इस तरह के शुल्क के साथ, एक किसान 100 हॉर्स पावर की बिजली की खपत के लिए सालाना 1,20,000 रुपये का भुगतान करता है। यह बिना मीटर वाले कनेक्शन के चार्ज से लगभग दोगुना है। पटेल का दावा है, इससे किसानों के बीच अस्वास्थ्यकर प्रतिस्पर्धा होती है। बिजली कनेक्शन वाले लोग अमीर किसान नहीं होते हैं, छोटे किसान होते हैं जो समूहों में मीटर बिजली कनेक्शन के बिल साझा करते हैं, ऐसे किसान बोझ होते हैं और उनकी उत्पादन लागत बढ़ जाती है। बीकेएस के एक पदाधिकारी ने कहा, बीकेएस ने राज्य सरकार को एक अल्टीमेटम दिया है कि उसे 15 जून तक सभी कृषि बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक सामान्य दर तय करनी होगी, और यदि ऐसा नहीं होता है तो वे तालुका स्तर पर एक जागरूकता कार्यक्रम शुरू करेंगे और एक ज्ञापन प्रस्तुत सौंपेंगे। यदि राज्य सरकार अभी भी टैरिफ पर फैसला नहीं लेती है, तब बीकेएस राज्यभर में जिला मुख्यालयों पर विरोध शुरू करेगा। उनके मुताबिक, राज्य में 20 लाख कृषि बिजली कनेक्शन हैं, जिनमें से साढ़े चार लाख उपभोक्ताओं के पास मीटर लगे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी इन्हीं किसानों को हो रही है।

## अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों को पूरा करने पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करेंगे- दास

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त तरलता या नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। दास ने बुधवार को यहां मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि आगे चलकर महामारी की वजह से उपलब्ध कराई गई अत्यधिक तरलता को कई साल के समय में सामान्य स्तर पर लाया जाएगा। हालांकि, इसके साथ ही केंद्रीय बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक सरकार के कर्ज लेने के कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने पर ध्यान देगा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो दर को आधा प्रतिशत बढ़ाकर 4.90 प्रतिशत करने का फैसला किया है।

# विश्वबैंक ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 2.9 प्रतिशत किया

**वाशिंगटन ।**

विश्वबैंक ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि दर के अपने अनुमान को घटा दिया है। इसका कारण रूस-यूक्रेन युद्ध, व्यापक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कमी की आशंका और निम्न वृद्धि दर के साथ ऊंची मुद्रास्फीति की स्थिति (स्टैगफ्लेशन) को लेकर चिंता है। बहुपक्षीय संस्थान ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर इस साल 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले साल 2021 के 5.7 प्रतिशत और इस साल जनवरी में जताये गए 4.1 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान से कम है। विश्वबैंक ने कहा कि कई देशों में मंदी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। संस्थान वर्ष 2023 और 2024 में भी कोई अच्छी तस्वीर नहीं देख रहा। दोनों साल वैश्विक वृद्धि दर तीन प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। विश्वबैंक ने अमेरिका के लिये आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 2.5 प्रतिशत कर दिया है। जबकि जनवरी में इसके 3.7 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गई थी। वहीं पिछले साल 2021 में वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत रही थी। यूरो मुद्रा वाले 19 सदस्यीय यूरोपीय देशों की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को कम कर 2.5 प्रतिशत कर दिया गया है। जबकि जनवरी में इसके 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।




पिछले साल वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत थी। अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन की आर्थिक वृद्धि दर इस साल 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है जबकि पिछले साल यह 8.1 प्रतिशत थी।

## गौतम अडानी मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर को खरीदने की तैयारी में




**नई दिल्ली ।**

भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े अमीर कारोबारी गौतम अडानी स्वास्थ्य सेवाओं में भी एकाधिकार की तैयारी में हैं। अडानी ग्रुप इसके लिए कई बड़े अस्पतालों, डायग्नॉस्टिक चेन और ऑनलाइन तथा डिजिटल फार्मेसी के अधिग्रहण की योजना बना रहा है। इनमें डायग्नोस्टिक चेन मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड में मैज्योरिटी स्टेक भी शामिल है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि अडानी ग्रुप और अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर में मैज्योरिटी स्टेक खरीदने की संभावनाएं तलाश रही हैं। अडानी ग्रुप ने हाल में हेल्थकेयर सेक्टर में उतरने की घोषणा की थी। ग्रुप ने इसके लिए एक नई कंपनी अडानी हेल्थ वेंचर्स लि (एएचवीएल) का गठन किया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में उतरने के लिए समूह की कई बड़ी कंपनियों के साथ बात चल रही है। अडानी ग्रुप स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में चार अरब डॉलर का निवेश कर सकता है। अडानी ग्रुप और पीरामल हेल्थकेयर सार्वजनिक क्षेत्र की फार्मास्यूटिकल कंपनी एचएलएल हेल्थकेयर लिमिटेड को खरीदने की होड़ में भी हैं। सरकार ने दिसंबर, 2021 को कंपनी में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी निजी क्षेत्र की इकाइयों को बेचने का फैसला किया था। सूत्रों के मुताबिक मेट्रोपोलिस के साथ डील एक अरब डॉलर की हो सकती है। मेट्रोपोलिस की शुरुआत 1980 के दशक में हुई थी और इसका कामकाज 19 राज्यों में फैला है। खासकर देश के पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों में इसकी मजबूत उपस्थिति है। अडानी ग्रुप देश के सबसे बड़े कारोबारी समूहों में से एक है। इसका सालाना रेवेन्यू 20 बिलियन डॉलर से अधिक है। ग्रुप की सात कंपनियां शेयर मार्केट में लिस्टेड हैं। हाल में ग्रुप ने अंतरराष्ट्रीय सीमेंट कंपनी होल्सिम के भारतीय बिजनेस को खरीदने के लिए भारी-भरकम डील की थी।

## अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को रिलायंस के साथ लेन-देन से दूर रहने का नोटिस भेजा




**नई दिल्ली ।** ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को एक नोटिस भेजकर कहा है कि वे रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह के साथ किसी भी तरह के लेनदेन का हिस्सा बनने से परहेज करें। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अमेजन के इस नोटिस में फयूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को रिलायंस समूह के साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी तरह के लेनदेन से दूर रहने को कहा गया है। अमेजन ने यह नोटिस उन मीडिया रिपोर्टों के बाद भेजा है जिनमें कहा गया था कि फयूचर समूह अपनी आपूर्ति श्रृंखला एवं लॉजिस्टिक कारोबार की बिक्री के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ बातचीत कर रहा है। अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को पिछले छह जून को भेजे इस नोटिस में कहा है कि फ्यूचर ग्रुप और रिलायंस के बीच के समझौते को फयूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के लेनदारों ने खारिज कर दिया था लेकिन एफआरएल ने धोखाधड़ी और जटिल चाल के जरिये अपने 835 स्टोर पहले ही रिलायंस को सौंप दिए हैं। अब रिलायंस समूह को प्रस्तावित लेनदेन के माध्यम से अपनी समूची आपूर्ति श्रृंखला, गोदाम और लॉजिस्टिक कारोबार को स्थानांतरित करने का इरादा है। नोटिस के मुताबिक इस तरह का कोई भी सौदा आपातकालीन मध्यस्थ के आदेश में निहित बाध्यकारी निषेधाज्ञा को दरकिनार करता है। अमेजन ने कहा कि यह कदम अदालतों के समक्ष दी गई दलीलों के पूरी तरह विपरीत है। अमेजन ने फ्यूचर समूह के साथ रिलायंस रिटेल के प्रस्तावित विलय समझौते का विरोध करते हुए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी थी। हालांकि कर्जदाताओं की मंजूरी नहीं मिलने के बाद खुद रिलायंस ने ही इस समझौते से हटने की घोषणा कर दी थी। अमेजन अपने साथ हुए निवेश समझौते के उल्लंघन का फ्यूचर पर आरोप लगाता रहा है।

## रूसी तेल के अधिक आयात से खुदरा तेल कंपनियों को होगा फायदाः रिपोर्ट



**मुंबई ।** बाजार कीमतों से काफी कम दाम पर रूसी तेल का सामान्य से अधिक आयात किए जाने से सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों फायदा होगा। निकट अवधि में उनकी वर्किंग कैपिटल की जरूरत में कमी आ सकती है। खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी के खुदरा बिक्री मूल्य में लागत के हिसाब से बदलाव नहीं किए हैं। वे ईंधन विपणन पर नुकसान उठाती हैं और इसकी भरपाई सस्ते रूसी कच्चे तेल के प्रसंस्करण से हासिल होने वाले उच्च रिफाइनरी मार्जिन से कर रही हैं। फिच ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि बढ़ती वैश्विक मांग और रिफाइंड उत्पादों के लिए आपूर्ति में कमी आने से रिफाइनिंग मार्जिन को समर्थन मिलता है और तेल कंपनियों के विपणन मार्जिन में क्रमिक सुधार होता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार कीमतों पर मिल रही खासी छूट पर रूसी तेल का सामान्य से अधिक आयात करना तेल विपणन कंपनियों के लिए निकट अवधि की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को कम कर सकता है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें मध्यम अवधि में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुरूप रहेंगी। इससे तेल विपणन कंपनियों के विपणन मार्जिन में वित्त वर्ष 2022-23 के बाकी समय में धीरे-धीरे सुधार होना चाहिए, भले ही यह सामान्य स्तर से कम हो कच्चे तेल की कीमत 84 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर मार्च की शुरुआत में 14 साल के उच्च स्तर 139 डॉलर पर पहुंच गई थीं। हालांकि बाद में इसमें धीरे-धीरे कुछ गिरावट आई और इस समय यह 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब है लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कीमतें 120 डॉलर के ऊपर जाती हैं और ग्लोबल परिस्थितयां नहीं सुधरती हैं तो क्रूड और महंगा हो सकता है। ऐसी स्थिति में फिर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं।





# अगर आपने ताजमहल नहीं देखा तो अब देर न करिए

ताजमहल दुनिया के 7 अजूबों में से एक है। ताजमहल की खूबसूरती को देखने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं और अगर आप भारत में रहकर भी अब तक ताजमहल नहीं देख पाए हैं तो अब और देर न करिए। जितनी जल्दी हो सके जाएं और देखकर आएं, इस ऐतिहासिक इमारत की खूबसूरती ने दुनियाभर के लोगों को अपना दीवाना बनाकर रखा है। इससे पहले की आप ताजमहल घूमने का प्लान बनाएं, हम यहां आपको इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातें बता देना चाहते हैं, जिससे की आपकी यह यात्रा बिना किसी परेशानी बिल्कुल आराम से बीते...

## ताजमहल कैसे पहुंचें?

आगरा भारत का एक प्रमुख शहर है। इसलिए हवाई मार्ग हो या रेल मार्ग हो या फिर सड़क मार्ग। आगरा भारत वर्ष के सभी प्रमुख शहरों से सभी मार्ग द्वारा भंलीभांति जुड़ा है।

### हवाई मार्ग

अगर आप हवाई मार्ग द्वारा आगरा जा रहे है तो आगरा का पंडित दीनदयाल उपध्याय हवाई अड्डा ताज महल से 16 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां से आप आसानी से टैक्सी या आटो द्वारा आसानी से ताजमहल पहुंच सकते है। महानगर होने के नाते यहा काफी ट्रैफिक रहता है। जिसके कारण आपको आगरा एयर पोर्ट से ताजमहल पहुंचने में लगभग 40 मिनट लग सकते हैं, अगर ट्रैफिक न हो तो यह मार्ग सिर्फ 20-25 मिनट का है।

### रेल मार्ग

यदि आप रेल मार्ग द्वारा आगरा जा रहे हैं तो आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन से ताजमहल की दूरी लगभग 2.5 किमी है। रेलवे स्टेशन से ताजमहल के लिए ऑटो और रिक्शा वालों की काफी भीड़ लगी रहती है। अगर आपके पास भारी लगेज नहीं है तो आप आगरा के किले का बाहरी भाग के दर्शन करते हुए किले के सामने से होते हुए शिवाजी चौक से ताजमहल पहुंच सकते हैं। शिवाजी चौक से ताजमहल का सेप्रेट रास्ता गया है, जो पश्चिमी गेट पर जाता है। कार, टैक्सी या ऑटो से आने वाले यात्री भी इसी मार्ग से जाते हैं। इसी सेपरेट मार्ग पर कुछ दूरी पर ताजमहल कार पार्किंग है।

### सड़क मार्ग

अगर आप कार द्वारा दिल्ली से आगरा जा रहे हैं तो नोयडा आगरा एक्सप्रेस वे से जा सकते हैं। यह सुविधाजनक एवं फास्टेट रूट है। इसके आलावा आप दिल्ली से मथुरा होते हुए पुराने हाइवे से भी आगरा पहुंच सकते हैं।

### कार पार्किंग

ताजमहल कार पार्किंग से ताजमहल की दूरी लगभग 700-800 मीटर है। आप चाहे एयर पोर्ट से टैक्सी से जाएं या रेलवे स्टेशन से ऑटो से जाएं या फिर अपनी कार से जाएं पहुंचना आपको कार पार्किंग में ही है। कार पार्किंग पर पहुंचते ही आपको ऊंट गाड़ी और बैट्री गाड़ी वाले घेर लेंगे, क्योकि कार पार्किंग से ताजमहल के बीच की इस दूरी में बैट्री गाड़ियां व ऊंट गाड़ियां चलती हैं, जो बीस से तीस रुपए प्रति सवारी लेते हैं। कार पार्किंग से आगे किसी भी तरह के प्राइवेट वाहनों के जाने की अनुमति नहीं होती है। आप कार पार्किंग से ताजमहल गेट तक पैदल भी जा सकते हैं। 700 मीटर की दूरी कोई ज्यादा नहीं होती है।

### अमानती घर

मार्ग के रास्ते में स्थित अमानती घर में आप अपना सामान रख सकते हैं, क्योंकि ताजमहल के अंदर किसी भी प्रकार का अटैची, बेग ( हैंड बेग को छोड़कर) किसी भी तरह का खाने-पीने का सामान खाना, बिस्कुट, चिप्स, पान, बीड़ी, सिगरेट ( पानी की बोतल को छोड़कर) किसी भी तरह का हथियार चाकू व नशीले पदार्थ आदि अंदर ले जाना मना है। मोबाइल और कैमरा ले जा सकते हैं। बाकी आपके पास जो सामान है, उसे आप अमानती घर में सुरक्षित रख सकते हैं।

### शूज कवर

यही टिकट खिड़की के पास ही आपको शूज कवर बेचने वाले भी मिल जाएंगे। उनसे आप बीस रुपए देकर शूज कवर खरीद लें, क्योंकि ताजमहल के संगमरमर के चबूतरे पर जूते-चप्पल लेकर जाना मना है। वही टिकट खिड़की के पास आपको गाइड और फोटोग्राफर घेर लेंगे, जो आपको कई तरह के प्रलोभन भी देंगे (जैसे - सॉटकट से अंदर ले जाना का) क्योंकि एंट्री गेट पर चैकिंग प्वाइंट पर काफी लंबी कतार होती है या तो आप उनसे सही एवं पहले ही मोल-भाव कर तय कर लें या फिर टिकट कांटर से पर्यटन विभाग द्वारा गाइड हायर कर सकते हैं। चैकिंग प्वाइंट पर महिला, पुरुष व विदेशियों की अलग-अलग लाइनें होती हैं। यहां ज्यादा समय नही लगता 20-25 मिनट में आप अंदर पहुंच सकते हैं।

## अलग-अलग प्रवेश द्वार

ताजमहल में एंट्री करने के लिए तीन गेट्स हैं, जो पूर्व, पश्चिम और दक्षिण में मौदूद हैं। इन तीनों गेट्स में जिस गेट पर लोगों की भीड़ सबसे कम होती है वह है इसका पश्चिमी गेट। इस गेट से आप आसानी से ताजमहल के परिसर में एंट्री कर सकते हैं।

## शुक्रवार को न जाएं ताजमहल

आमतौर पर ताजमहल रोजाना सुबह 6 से शाम 7 बजे तक खुला रहता है, लेकिन शुक्रवार को इसे नमाज के लिए बंद रखा जाता है। पूर्णमासी के दिन ताजमहल के गेट्स रात 8.30 बजे से 12.30 बजे तक खुले रहते हैं। चांद की रोशनी में ताजमहल बेहद खूबसूरत लगता है। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि रमजान के पवित्र महीने में आप रात के वक्त ताजमहल का दीदार नहीं कर सकते।

## आगरा घूमने आए हैं तो ताजमहल को लास्ट में देखें

यहां हम आपको एक ट्रिक बता रहे हैं, जिससे आप ताजमहल के टिकट पर थोड़ा डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप आगरा में दो-तीन दिन के लिए हैं तो ताजमहल घूमने का प्लान अपनी यात्रा के आखिरी दिन रखिए। दरअसल अगर आगरा के किसी और टूरिस्ट डेस्टिनेशन जैसे आगरा फोर्ट से ताजमहल की टिकट खरीदते हैं तो आपको इस पर कुछ छूट मिल सकती है। यहां आपको इस बात का ध्यान रखना है कि जारी किए गए टिकट पर उसी दिन का स्टैंप हो जिस दिन आपको ताजमहल जाना है।

## अलग लोगों के लिए अलग कीमत

अगर आप भारतीय हैं तो आपको ताजमहल देखने के लिए 50 रुपए की टिकट खरीदनी पड़ेगी। 15 साल से कम के बच्चों के लिए एंट्री फ्री है। विदेशी पर्यटकों के लिए टिकट का दाम 1100 रुपए है। आप इन टिकटों को एक दिन अडवांस में सुबह 10 से शाम 6 बजे के बीच आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के ऑफिस से ले सकते हैं।

## क्या लेकर नहीं जा सकते ?

सुरक्षा कारणों से कुछ ऐसी चीजे हैं, जिनके साथ आप ताजमहल के अंदर नहीं जा सकते। ट्राईपॉड, मोबाइल फोन चार्जर, खाने-पीने की वस्तुएं व तंबाकू जैसी चीजें यहां बैन है। हालांकि यहां एक लॉकर रूम है, जहां आप अपने सामान को सुरक्षित तरीके से जमा कर सकते हैं और वापस लौटने पर यहां से अपने सामान को ले सकते हैं।

### यह है बेस्ट सीजन

अगर मुमकिन हो तो ठंड के मौसम में ताजमहल घूमने का प्लान न बनाएं, क्योंकि कोहरे के कारण इसकी खूबसूरती खिल के बाहर नहीं आती। ताजमहल घूमने का बेस्ट सीजन होता है मार्च से जून। अगर आप ताजमहल घूमने का प्लान बना रहे हैं तो बस ऊपर बताई गई इन टिप्स का ध्यान रखें और अपनी ताज यात्रा को यादगार बनाएं।

## ताजमहल के बारे में रोचक बातें, जो आपको नहीं होंगी पता

ताजमहल मुगल वास्तुकला का सबसे उत्कृष्ट नमूना है। मोहब्बत की इस निशानी को शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज के लिए बनाया था। दुनियाभर से करोड़ों की संख्या में पर्यटक ताजहमल देखने के लिए आगरा आते हैं। हर प्रेमी जोड़े की ख्वाहिश होती है कि वह ताजमहल जाकर अपनी प्रेमिका के साथ तस्वीर खिंचवाए। इश्क की इस निशानी को निहारे, संगमरमर की इमारत की खूबसूरती को अपनी स्मृतियों में कैद कर लें। आइए आपको ताजमहल के बारे में 10 रोचक बातें बताते हैं जो आपको सोचने पर मजबूर कर देंगी।

- ताजमहल के निर्माण में 22 साल लगे थे।
- 22,000 से ज्यादा मजदूरों ने ताजमहल के निर्माण में काम किया था।
- 1,000 हाथियों के जरिए ताजमहल के निर्माण सामग्री को लाया गया था।
- ताजमहल के निर्माण में उस वक्त 3.2 करोड़ रुपए का खर्च आया था।
- ताजमहल के निर्माण के लिए विभिन्न एशियाई देशों से बहुमूल्य पत्थरों को लाया गया था।
- 28 तरह के रत्नों को श्रीलंका से लेकर चीन और भारत के विभिन्न राज्यों से लाया गया था।
- संगमरमर के सफेद पत्थर को राजस्थान से लाया गया था।
- तिब्बत से नीला रत्न, श्रीलंका से पन्ना, पंजाब से जैस्पर और क्रिस्टल को चीन से मंगाया गया था।
- ताजमहल की वास्तु शैली में फारसी, तुर्क, भारतीय और इस्लामी वास्तुकला का मिश्रण है।
- ताजमहल का निर्माण 1632 ईश्वी में शुरू हुआ था और 1653 में गुम्बद बनकर तैयार हुआ।
- अगर आप भी मुहब्बत की इस सबसे विश्व प्रसिद्ध निशानी को देखना चाहते हैं तो ताजमहल जरूर जाएं।
- आप दिल्ली में रहते हैं तो सिर्फ ताज एक्सप्रेस हाईवे से सिर्फ साढ़े तीन घंटे में आगरा पहुंच सकते हैं।

## बड़ी अद्भुत है ताजमहल के निर्माण की कहानी

यमुना नदी के किनारे सफेद पत्थरों से निर्मित अलौकिक सुंदरता की तस्वीर ताजमहल आज न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका है। प्यार की इस निशानी को देखने के लिए दूर देशों से हजारों सैलानी यहां आते हैं। प्यार का प्रतीक माने जाने वाले ताजमहल की खूबसूरती जितनी चर्चा में रहती है, उतनी ही इसके बनने की कहानियां चर्चा में रहती हैं। ताजमहल को बनाने को लेकर अलग-अलग मिथ हैं। कहा जाता है कि मुमताज की याद में बनायी गई इस खूबसूरत इमारत जैसी कोई और इमारत न बने, इसलिए शाहजहां ने कारीगरों के हाथ कटवा दिए थे। ताजमहल को बनाने में करीब 20 हजार मजदूरों ने योगदान दिया था। और इसका काम करीब 22 साल तक चला।

हालांकि कारीगरों के हाथ कटवाने की एक और भी कहानी बताई जाती है। माना जाता है कि शाहजहां ने कारीगरों के हाथ नहीं कटवाए थे, बल्कि उनसे ताउम्र काम न करने का वादा लिया था, जिसके बदले में उन्हें जिंदगी भर वेतन दिया गया था। वहीं एक मिथक ये भी है कि शाहजहां ने ताजमहल ख्वाब में देखकर बनवाया था, लेकिन ताजमहल के नक्शे के हिसाब से इतिहासकारों की मानें तो इसके डिजाइन के लिए पूरी दुनिया के वास्तुशास्त्रों की मदद ली गई थी, लेकिन इसका सटीक डिजाइन किसने तैयार किया था, इसके बारे में कोई सबूत नहीं है। ताजमहल को लेकर ऐसे ही कई मिथक हैं जिनके बारे में कई तरह की कहानियां कही जाती हैं। बता दें कि ताजमहल शाहजहां की तीसरी बेगम मुमताज महल की मजार है। मुमताज के



गुजर जाने के बाद उनकी याद में शाहजहां ने ताजमहल बनवाया था। कहा जाता है कि मुमताज महल ने मरते वक्त मकबरा बनाए जाने की ख्वाहिश जताई थी, जिसके बाद शाहजहां ने ताजमहन बनावाया। ताजमहल को सफेद संगमरमर से बनवाया गया है। इसके चार कोनों में चार मीनारे हैं। शाहजहां ने इस अद्भुत चीज को बनवाने के लिए बगदाद और तुर्की से कारीगर बुलवाए थे। माना जाता है कि ताजमहल बनाने के लिए बगदाद से एक कारीगर बुलवाया गया, जो पत्थर पर घुमावदार अक्षरों को तराश सकता था।

इसी तरह बुखारा शहर से कारीगर को बुलवाया गया था, वह संगमरमर के पत्थर पर फूलों को तराशने में दक्ष था। वहीं गुंबदों का निर्माण करने के लिए तुर्की के इस्तम्बुल में रहने वाले दक्ष कारीगर को बुलाया गया और मिनारों का निर्माण करने के लिए समरकंद से दक्ष कारीगर को बुलवाया गया था और इस तरह अलग-अलग जगह से आए करीगरों ने ताजमहल बनाया था।

## आगरा के अन्य दर्शनीय स्थल

आगरा में ताजमहल के अलावा अन्य दर्शनीय स्थल हैं, जो बरबस यहां आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इनमें प्रमुख हैं-

**आगरा का लाल किला:** जिस स्थान पर आगरा का किला स्थित है, बहुत समय पहले यहां बादलगढ़ का किला हुआ करता था। हालांकि समय के साथ-साथ वह किला नष्ट हो गया था। मुगल सम्राट अकबर ने 1563 ई. से 1573 ईस्वी तक लगभग 8 वर्षों में बादलगढ किले के ध्वंस अवशेषों पर इस किले का निर्माण करवाया था। मुगल सम्राट अकबर ने इस किले में अकबरी महल, जहांगीरी महल, प्राचीर तथा प्रवेश द्वार अकबर ने बनवाए थे, जबकि शीश महल, खास महल, दीवाने आम और दीवाने खास तक मोती मस्जिद का निर्माण अकबर के पोते सम्राट शाहजहां ने करवाया था। इस किले में दिल्ली दरवाजा, अमरसिंह दरवाजा, दरियाई दरवाजा तथा दर्शनी दरवाजा नामक चार दरवाजे हैं। पर्यटको के लिए प्रवेश द्वार के रूप में अमर सिंह दरवाजा ही खुला होता है। किले के अंदर तीन मस्जिदें भी हैं – मीना मस्जिद, शाही मस्जिद और नगीना मस्जिद जो दर्शनीय है।

**रामबाग:** यह बाग अपनी हरियाली और सुंदरता से यहां आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। बाबर द्वारा बनाए गए इस बाग के बारे में कहा जाता है कि यह भारत का पहला मुगल उद्यान था। इस बाग के सौंदर्य को पास बहती यमुना नदी और भी मनमोहक बना देती है।

# प्यार की निशानी ताजमहल की ये 5 बातें आपको कर देंगी हैरान

ताजमहल, उसकी खूबसूरती और उससे जुड़ी खूबसूरत यादों के बारे में सभी बातें करते हैं। मगर इस धरोहर के बारे में जितना सुनों उतना कम ही लगता है, परंतु इसमें से कुछ हकीकत और कुछ फसाना भी हैं। हम यहां आपको ताजमहल से जुड़ी ऐसी 5 बातें बता रहे हैं, जो संभवत: आप नहीं जानते होंगे-

## आगरा में नहीं बनना था ताजमहल

ताजमहल का निर्माण आगरा में नहीं होने वाला था, मुमताज महल जिसके लिए ताजमहल बनवाया गया था, उनकी मौत दरअसल आगरा में हुई ही नहीं थी, उनकी मौत बुरहानपुर में हुआ था, जो आज के समय में मध्य प्रदेश में है। शाहजहां ने ताज महल के लिए बुरहानपुर में ताप्ती नदी के ठीक किनारे एक जगह पसंद की थी, लेकिन बुरहानपुर में जरूरत के अनुसार सफेद मार्बल नहीं पहुंच सके, इसलिए बाद में ताजमहल आगरा में बनाने का फैसला किया गया। बुरहानपुर में ताप्ती नदी के किनारे आज भी वह जगह विरान पड़ी है।

## क्या सच है कि काला ताजमहल भी होता ?:

ताजमहल के बारे में कहा जाता है कि शाहजहां यमुना के किनारे काले संगमरमर में ताजमहल की प्रतिकृति बनाना चाहते थे। शाहजहां को यह विचार जीन-बैप्टिस्ट टैवर्नियर नाम के एक यूरोपीय यात्री ने दिया था, जो 1665 में आगरा में था। दावा यह भी किया जाता है कि औरंगजेब के कारण शाहजहां की योजना पूरी नहीं हो सकी, क्योंकि औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को कैद कर लिया था। यमुना नदी से लगे महताब बाग में कुछ काले मार्बल देखे भी गए थे, लेकिन बाद में जांच परख के बाद इतिहासकारों और आर्केलॉजिस्ट सोसाइटी ने इस बात का खुलासा किया कि दरअसल महताब बाग में मिले काले मार्बल गंदगी के कारण काले पड़ गए हैं। वह मूल रूप से सफेद ही थे, इसलिए यह बात अफवाह से कम नहीं कि शाहजहां काले ताजमहल भी बनवाना चाहता था।

## क्या सचमुच कारीगरों के हाथ काटे गए थे?

ताजमहल के बारे में यह कहा जाता है कि उसने ताजमहल बनाने वाले सभी कारीगरों के हाथ काट दिए थे और कुछ को मार भी दिया था, लेकिन इतिहास में कहीं भी इस बात का साक्ष्य नहीं पाया गया।

## ताजमहल को उजाड़ना चाहते थे अंग्रेज?

ताजमहल से जुड़ी कहानियों में एक नाम और आता है, भारत के गर्वनर जनरल लॉर्ड विलियम बेनटिंक का। कहा जाता है कि लॉर्ड ताजमहल को गिराना चाहता था और उसके मार्बल की नीलामी करना चाहता था। इस बात के भी कहीं सबूत नहीं पाए गए। हालांकि उसके बायोग्राफर जॉन रोसेली ने अपनी किताब में एक जगह लिखा है कि आगरा फोर्ट को बनाने के बाद बचे हुए मार्बल्स को लॉर्ड ने नीलाम कर दिया था।

## ताजमहल में लगा है एक लैंप

ताजमहल में एक लैंप लगा हुआ है। कहा जाता है कि इसे बनाने में दो वर्ष का वक्त लगा था। इसे खास ताजमहल की नक्काशी को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। इसे मिश्र के कुछ कलाकार और टोड्रोस बदीर नाम के आर्टिस्ट ने मिलकर बनाया था।

## ताजमहल के रहस्य



- आपको यह जानकर हैरानी होगी की ताजमहल का आधार (नीव) लकड़ी पर टिकी है। इस लकडी की खासियत यह है कि यह लकड़ी जितनी पानी में रहती है, उतनी ही ज्यादा मजबूत होती है। यमुना नदी का पानी आज भी इस लकड़ी को मजबूत करता है।
- ताजमहल की छत में एक छेद है, जिसमें से बरसात के समय आज भी पानी टपकता है। इसके बारे में एक दंतकथा प्रचलित है कि शाहजहां ने ताजमहल बनने के बाद सभी कारीगरों के हाथ कटवाने का ऐलान कर दिया था। ऐसा माना जाता है कि शाहजहां चाहते थे कि ऐसी खूबसूरत इमारत दोबारा न बनाई जा सके। शाहजहां के इस फैसले से कारीगर नाराज हो गए, जिसके फलस्वरूप कारीगरों ने जानबूझकर ताजमहल के गुंबद में एक छेद छोड़ दिया था। हालांकि इस कहानी का कोई ऐतिहासिक सत्य नहीं है। ताजमहल का इतिहास में बस यह एक प्रचलित कथा है।
- सन् 1983 में ताजमहल को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया गया।
- ताजमहल का इतिहास का सबसे बड़ा पुरस्कार है कि ताजमहल दुनिया के सात अजूबो में शामिल है।
- ताजमहल में लगे फव्वारे किसी भी पाइप लाईन से नहीं जुड़े हैं। बल्कि हर फव्वारे के नीचे एक तांबे का टैंक बना हुआ है, जो सभी एक ही समय पर भरते हैं और दबाव बनने पर एक साथ सभी फव्वारे चल जाते हैं।
- ताजमहल वर्ल्ड में एक दिन में सबसे ज्यादा देखी जानी वाली इमारत है। ताजमहल को एक दिन में लगभग 12000 सैलानी देखते हैं।
- ताजमहल की कलाकृति में 28 तरह के कीमती पत्थरों को लगाया गया है।
- ताजमल की चारों मीनारें एक दूसरे की ओर झुकी हुई हैं।
- शाहजहां ने जब पहली बार ताजमहल का दीदार किया तो उसने कहा कि ये सिर्फ प्यार की कहानी बयां नहीं करेगा, बल्कि उन सबको दोष मुक्त भी करेगा, जो इस पाक जमीं पर अपने कदम रखेंगे और चांद सितारे इसकी गवाही देंगे।
- द्वितीय विश्व युद्ध 1971 भारत-पाक युद्ध के समय इस भव्य इमारत को सुरक्षा की दृष्टि से ताजमहल के चारों ओर बांस का सुरक्षा घेरा बनाकर उसे हरे रंग की चादर से ढक दिया गया था।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में यात्री वाहन के खाई में गिरने से 22 लोगों की मौत

कराची (पाकिस्तान)। पाकिस्तान के पर्वतीय बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को एक यात्री वाहन के सैकड़ों फुट गहरी खाई में गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वाहन चालक किला सैफुल्ला के पास अख्तरजई के पर्वतीय इलाके में 1,572 मीटर की ऊंचाई पर एक तेज घुमावदार मोड़ से गुजरते वक्त वाहन को नियंत्रित करने में विफल रहा। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, घटना में एक बच्चे समेत 22 लोगों की मौत हो गई। उपायुक्त हाफिज मुहम्मद कासिम ने कहा कि यात्री बस जोब से लोरालिया जा रही थी। उन्होंने बताया, 'वाहन अख्तरजई के पास एक पहाड़ी की चोटी से गिर गया। हमने अब तक 10 शव बरामद किए हैं क्योंकि पहाड़ों में गहरी खाई के कारण बचाव अभियान में मुश्किल आ रही है।' आस-पास के अस्पतालों में अलर्ट जारी कर दिया गया है और बचाव अभियान में मदद के लिए क्वेटा से कई टीम को बुलाया गया है। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों से घायलों के लिए हर संभव चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का आग्रह किया तथा भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। देश के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में दुर्गम और पर्वतीय इलाकों के कारण हर साल सड़क दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की मौत हो जाती है।

## रूस ने 210 यूक्रेनी लड़ाकों के शव लौटाए, युद्ध में गई कई आम नागरिकों की जान

कीव। यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी ने कहा है कि रूस ने अब तक मारियुपोल की लड़ाई में मारे गए 210 यूक्रेनी लड़ाकों के शव लौटाए हैं। सैन्य खुफिया एजेंसी ने बताया कि इनमें से अधिकतर अजोवस्ताल स्टील संयंत्र में मारे गए थे। हालांकि, एजेंसी ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी कि संयंत्र में अभी कितने और शव हो सकते हैं। तबाह हो चुके बंदरगाह शहर पर अब रूस का कब्जा है। रूस ने मारे गए यूक्रेनी लड़ाकों के शवों को पिछले सप्ताह लौटाना शुरू किया था। यूक्रेन ने शनिवार को कहा था कि अब तक दोनों पक्षों ने 320 शवों की अदला-बदली की है, दोनों को अपने नागरिकों के 160-160 शव मिले हैं। अभी स्पष्ट नहीं है कि रूस को इसके बाद और शव लौटाए गए या नहीं। रूस के स्टील संयंत्र पर पूरी तरह से कब्जा करने से पहले करीब तीन महीने तक यूक्रेनी लड़ाकों ने रूस के जमीनी, हवाई और समुद्र से किए गए हमलों का डटकर मुकाबला किया था।

## जयशंकर बुधवार को ईरान के विदेश मंत्री के साथ बैठक करेंगे

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो पूर्व प्रवक्ताओं द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर की गई कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर पश्चिम एशियाई देशों में व्यापक आक्रोश के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को अपने ईरान के विदेश मंत्री हुसैन आमिर अब्दुल्लाहियन के साथ बैठक करेंगे। उल्लेखनीय है कि अब्दुल्लाहियन द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। अरब जगत में विवादित टिप्पणी के चलते सामने आई तीखी प्रतिक्रिया के बाद इस्लामिक सहयोग संगठन के किसी सदस्य देश के वरिष्ठ मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अब्दुल्लाहियन नयी दिल्ली में बैठकों के बाद मुंबई और हैदराबाद की भी यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि जयशंकर और अब्दुल्लाहियन बुधवार दोपहर एक बजे बैठक करेंगे।

## ईरान में बड़ा हादसा, पटरी से उतरी ट्रेन, 10 की मौत और 50 से ज्यादा घायल

तेहरान। पूर्वी ईरान में बुधवार तड़के एक यात्री ट्रेन के पटरी से उतरने से कम से कम 10 यात्रियों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। खबर के अनुसार, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। ताबास शहर के पास तड़के अंधेरे में ट्रेन के सात में से चार डिब्बे पटरी से उतर गए। एम्बुलेंस और तीन हेलीकॉप्टर में बचाव दल को सुदूर इलाके में भेजा जा रहा है। खबर में कहा गया है कि हादसा राजधानी तेहरान के लगभग 550 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में ताबास में हुआ।मामले की जांच की जा रही है।

## विकासशील देशों को शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पाने के लिए और अधिक समय की जरूरत: संयुक्त बयान

संयुक्त राष्ट्र। चीन समेत 10 देशों की ओर से जारी संयुक्त बयान में भारत ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विकासशील देशों को गरीबी उन्मूलन और विकास के अपने लक्ष्यों के मद्देनजर शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए निर्धारित वर्ष 2050 से आगे बढ़कर अतिरिक्त समय दिए जाने की आवश्यकता है। बयान में कहा गया कि विकसित देशों को 2050 की निर्धारित समयसीमा में शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत, बोलीविया, चीन, गैबॉन, ईरान, इराक, माली, निकारागुआ, पनामा और सीरिया की ओर से ''वैश्विक शून्य उत्सर्जन'' पर एक संयुक्त बयान दिया। तिरुमूर्ति द्वारा दिए गए संयुक्त बयान में कहा गया, ''हमें एक स्पष्ट मान्यता की आवश्यकता है कि विकासशील देशों को गरीबी उन्मूलन और विकास के अपने व्यापक लक्ष्यों के मद्देनजर शून्य कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने के लिए 2050 से अधिक समय की आवश्यकता होगी।'' उन्होंने बयान में कहा, ''यह स्पष्ट हो जाता है कि एक वैश्विक शून्य उत्सर्जन, जहां विकासशील देश शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने में अधिक समय लेते हैं, केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है जब विकसित देश 2050 से पहले इस लक्ष्य तक पहुंच जाएं।

## सनकी ने 100 लड़कियों पर सीरिंज से किया अटैक, अब सभी का किया जाएगा एचआईवी टेस्ट

पेरिस । फ्रांस में एक सनकी युवक पर भीड़ में सुई से हमला करने का आरोप है। दक्षिण फ्रांस में कई घटनाओं के सामने आने के बाद इस युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार शाम को टौलॉन के रिवेरा समुद्री तट पर एक टीवी संगीत कार्यक्रम की शूटिंग के दौरान 20 लोगों ने सुई से घायल होने की सूचना दी थी। एक महिला को सुई से हमले के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इस मामले की जांच के दौरान कम से कम 100 लड़कियों पर सीरिंज से अटैक का खुलासा हुआ है। इन सभी का एचआईवी टेस्ट कराया जाएगा। इस शख्स पर गंभीर और पूर्वनियोजित सशस्त्र हिंसा का आरोप लगाया गया है। आरोपी ने हमले के आरोपों से इनकार किया है। उसके विरुद्ध गवाहों के पर्याप्त बयान हैं, जिनके आधार पर उसे अदालत में पेश किया जा सकता है। म्यूजिक फेस्टिवल की शूटिंग के दौरान नए मामले देखने को मिले हैं। पूर्वी फ्रांस के के बेलफोर्ट में एक उत्सव के दौरान 17-18 साल की उम्र के छह किशोरियों ने उनके हाथ और बाहों में अचानक तेज दर्द की शिकायत की है। वहीं, सात लड़कियों ने शूटिंग के दौरान नीडल हमले की शिकायत की है। यहीं से संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया था। पूरे देश के अलग-अलग शहरों से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। अधिकतर पीड़ितों को ब्लड टेस्ट कराने के लिए कहा गया है। कुछ को एचआईवी और हेपेटाइटिस की निवारक दवाएं दी गई हैं। इस साल की शुरुआत से ही नीडल अटैक के लगभग 100 मामले सामने आ चुके हैं। लड़कियों को इसके जरिए निशाना बनाया जा रहा है। जिन लड़कियों को निशाना बनाया जाता है, उनमें सामान्य लक्षण दिखते हैं जैसे मतली, चक्कर आना और तेज दर्द। बाद में उन्हें अपनी त्वचा पर सुई चुभने के निशान पता चलते हैं। जहां सुई चुभोई जाती है वहां पर स्किन का रंग भी बदला हुआ दिखता है। इस हमले को लेकर लोग इसलिए डरे हैं, क्योंकि उन्हें नहीं पता कि किस तरह की सुई चुभोई जा रही है।

## धरती से 19 गुना बड़ा सौर तूफान निकला, सात घंटे में ऐसा दिखा नजारा

वॉशिंगटन । सूर्य से लगातार भयानक रेडिएशन निकलते रहते हैं, लेकिन एरिज़ोना स्थित एक खगोलीय फोटोग्राफर ने सूर्य का एक बेहतरीन टाइम लैप्स बनाया है। इसमें शक्तिशाली सोलर फ्लेयर्स को सूरज से निकलते हुए देखा जा सकता है। फ्लोरेंस के रहने वाले एक फोटोग्राफर एंड्रयू मैककार्थी ने सूरज की सात घंटे में लगभग 10 लाख फोटो खींच कर ये वीडियो बनाया। एक विशेष दूरबीन के जरिए वह ऐसा करने में कामयाब रहे। मैककार्थी ने कहा कि इस अवधि में दो बड़ी सोलर फ्लेयर्स देखने को मिलीं। इस सोलर फ्लेयरस में सूरज से करीब 2.5 लाख किमी ऊपर तक रेडियोएक्टिव तत्व निकाले। उन्होंने कहा कि एक के ऊपर एक पृथ्वी को अगर रख दिया जाए तो ये 19 पृथ्वी के बराबर होगा। सूर्य से निकलने वाली सोलर फ्लेयर चुंबकीय शक्ति होती हैं। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन जैसे एक्स रे, दिखने वाला प्रकाश और अल्ट्रावायलेट लाइट होती हैं। मैककार्थी ने कहा कि ये बेहद बड़ा था। इस सोलर को देख कर मैं बेहद रोमांचित हो उठा। ये बहुत चमकदार थे। जब मैंने इसे होते देखे तो तुरंत मैंने खगोलीय घटनाओं में रुचि रखने वाले साथियों को इसके बारे में बताया। ये इतने शक्तिशाली थे कि धरती तक इनके कण पहुंच सकते हैं और ये सैटेलाइट को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि, ध्रुवीय इलाकों में इससे बहुत सुंदर आकाशी प्रकाश देखने को मिलेगा। हालांकि ये फ्लेयर धरती की ओर नहीं निकले हैं। मैककार्थी ने बताया कि उन्होंने 30 सेकंड का टाइमलैप्स बनाया था। 30 सेकंड का ये वीडियो करीब सात घंटे का है। उन्होंने आगे बताया कि खगोलविद जिस टेलीस्कोप का इस्तेमाल करने हैं उसमें स्पेशल फिल्टर लगे होते हैं, जिसके जरिए सूर्य को सीधे देखा जा सकता है।



सियोल में जापान के उपविदेश मंत्री टकीयो मोरी , दक्षिण कोरिया के उपविदेशमंत्री हयोन डांग व अमेरकी उपविदेशमंत्री वेंडी शेरमन तस्वीर के लिए पोज देते हुए।

## न्यूयॉर्क में अब 21 साल से कम उम्र के लोग नहीं खरीद पाएंगे राइफल

### -बंदूकबाजी की बढ़ती घटनाएं रोकने के लिए अमेरिका राज्य ने उठाया कदम

**न्यूयॉर्क ।** न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने गोलीबारी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर एक नए कानून पर दस्तखत किए हैं, जिसके तहत प्रांत में अब 21 साल से कम उम्र के लोग अर्ध स्वचालित राइफल नहीं खरीद पाएंगे। न्यूयॉर्क अमेरिका में गोलीबारी की घटनाओं को रोकने के लिए ऐसा बड़ा कदम उठाने वाला पहला प्रांत है। होचुल ने सार्वजनिक सुरक्षा संबंधी 10 विधेयकों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें से एक के तहत नए आग्नेयास्त्रों पर 'माइक्रोस्टैम्पिंग' की आवश्यकता होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कानून के लागू होने से बंदूक संबंधी अपराधों में कमी आएगी। एक अन्य संशोधित कानून के तहत अदालत को उन लोगों के पास से अस्थायी रूप से बंदूक अपने कब्जे में लेने का अधिकार मिल गया है, जो खुद या दूसरों के लिए खतरा हो सकते हैं। होचुल ने ब्रोंक्स में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा न्यूयॉर्क में हम कड़े कदम उठा रहे हैं। हम कानूनों को कड़ा कर रहे हैं, ताकि बंदूकों को खतरनाक लोगों से दूर रखा जा सके।

# हेट स्पीच से खफा अलकायदा ने दिल्ली, मुंबई और यूपी में दी आत्मघाती हमले की धमकी

**काबुल (एजेंसी)।**

पाकिस्तान से लेकर बांग्लादेश तक आतंकी हमले कर चुके आतंकवादी संगठन अलकायदा ने भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपूर शर्मा के पैगंबर को लेकर दिए बयान के बाद भारत को दहलाने की धमकी दी है। अलकायदा के सहयोगी संगठन अल-कायदा इन द इंडियन सब-कॉन्टीनेंट (एक्यूआईएस) ने कहा है कि वह पैगंबर का अपमान करने के लिए दिल्ली, मुंबई, यूपी और गुजरात में आत्मघाती बम हमले करेगा।

अलकायदा ने एक पत्र जारी करके कहा कि इन हमलों में वह हिंदुओं को निशाना बनाएगा। अलकायदा ने यह भी धमकी दी है कि वह पैगंबर के खिलाफ बोलने वाले हर शख्स की हत्या कर देगा। अलकायदा की इस धमकी के बीच विशेषज्ञ इसे हल्के में नहीं लेने की सलाह दे रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी हाल ही में चेतावनी दी है कि अलकायदा कश्मीर से लेकर पूरे भारत में अपनी गतिविधियां बढ़ा सकता है।

अलकायदा ने पहली बार भारत को यह धमकी नहीं दी है। इससे पहले भी वह ऐसी धमकियां दे चुका है। पिछले दिनों ही अलकायदा ने कश्मीर को लेकर भी भारत को धमकी दी थी। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद अलकायदा के निशाने पर भारत और कश्मीर है। अलकायदा को लग रहा है कि वह कश्मीर में हिंसा की आग को और तेज कर सकता है। ताजा धमकी में अलकायदा ने हिंदुओं को ही आतंकी करार दे दिया और दावा किया कि उन्होंने भारतीय जमीन पर कब्जा कर रखा है। अलकायदा ने चेतावनी दी कि हिंदुओं का उनकी सेना भी बचा नहीं पाएगी।

अलकायदा ने दावा किया और उपमहाद्वीप के लोगों को याद दिलाया कि उनके पैगंबर ने पहले ही गजवा-ए-हिंद के बारे में बताया था और भविष्यवाणी की थी कि इस जंग में मुसलमानों की जीत होगी। अलकायदा की इस धमकी के बाद भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी जांच शुरू कर दी है। एक्यूआईएस अलकायदा का सहयोगी आतंकी संगठन है, जिसकी स्थापना कुख्यात आतंकी अयमान अल जवाहिरी ने की थी। यह आतंकी संगठन अफगानिस्तान में सक्रिय है, जहां तालिबान का शासन है। तालिबान और अलकायदा के बीच इन दिनों खुलकर दोस्ती देखी जा रही है। इससे पहले तालिबान ने अमेरिका से वादा किया था कि वह अलकायदा के साथ कोई संबंध नहीं रखेगा। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा की अफगानिस्तान में बढ़ती सक्रियता के बाद अब भारत ने भी तालिबान साथ रिश्ते मजबूत करने पर बल दिया है और यही वजह है कि भारत के शीर्ष अधिकारियों के दल ने काबुल का दौरा भी किया था। अलकायदा के निशाने पर अब पूरी तरह से भारत आ गया है। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि इस आतंकी संठन ने अपनी मैगजीन का नाम 'नवा-ए-अफगान जिहाज' से बदलकर नवा-ए-गजवा-ए-हिंद कर दिया है। इससे उसकी भविष्य की योजना का अनुमान लगाया जा सकता है। इस आतंकी गुट ने अब भारत में अपनी सक्रियता बढ़ाने की योजना तैयार कर ली है। इसी लिए एक्यूआईएस ने अपना ध्यान अफगानिस्तान से हटाकर कश्मीर की ओर केंद्रित कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि अलकायदा के अधीन होने के कारण एक्यूआईएस अफगानिस्तान में अधिक चर्चा में नहीं रहता, जहां उसके अधिकतर आतंकवादी मौजूद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक्यूआईएस के लड़ाकों में बांग्लादेश, भारत, म्यांमार और पाकिस्तान के नागरिक शामिल हैं। वे अफगानिस्तान के गजनी, हेलमंद, कांधार, निमरुज, पक्तिका और जाबुल प्रांतों में सक्रिय हैं। कांधार के शोराबक जिले में अक्टूबर 2015 में अमेरिका और अफगानिस्तान की ओर से एक्यूआईएस पर किए गए जोरदार हमले से हुए नुकसान के कारण इसे 'अब भी एक कमजोर संगठन' के रूप में आकलन किया जा रहा है। माना जा रहा है कि एक्यूआईएस को पैसे की दिक्कतों की वजह से कम आक्रामक रुख अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

## परमाणु परीक्षण की खबरों के बीच अमेरिका के 20 लड़ाकू विमानों ने द. कोरिया के पश्चिमी तट के लगाए चक्कर

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।**

उत्तर कोरिया से तनाव के बीच दक्षिण कोरियाई सेना और अमेरिकी बल के 20 लड़ाकू जेट ने दक्षिण कोरिया के पश्चिमी तट पर चक्कर लगाए। इन लड़ाकू विमानों की उड़ान के पीछे यह मकसद रहा कि अगर उत्तर की ओर से कोई प्रतिक्रिया आती है, तो जवाबी कार्रवाई की जाएगी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ ने कहा हवाई प्रदर्शन में 16 दक्षिण कोरियाई विमान शामिल थे, जिसमें एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट भी था। वहीं, चार अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू जेट ने भी उड़ान भरी। इनका मकसद उत्तर कोरिया की भड़काऊ गतिविधियों का जवाब देने की क्षमता प्रदर्शित करना है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के जवाब में सोमवार को आठ बैलिस्टिक मिसाइल को समुद्र में प्रक्षेपित की थीं। इन लड़ाकू विमानों की उड़ान के पीछे का मकसद उत्तर कोरिया के हमलों का तेजी से और सटीक जवाब देने की क्षमता का प्रदर्शन करना था। अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शेरमन ने मंगलवार को चेतावनी दी कि अगर उत्तर कोरिया परमाणु परीक्षण करता है तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। वेंडी शेरमन इस समय दक्षिण कोरिया में हैं, जहां वह जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं से मुलाकात कर मौजूदा तनाव समेत कई मुद्दों पर चर्चा करेंगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया अपने पूर्वोत्तर शहर पुंगये-री स्थित परमाणु परीक्षण क्षेत्र में एक और विस्फोट करने के लिए तैयार है। सियोल के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि प्योंगयांग के सैन्य उकसावों का सामना उचित प्रतिक्रियाओं से किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरिया द्वारा एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) सहित 8 बैलिस्टिक मिसाइलों के टेस्ट फायरिंग के तुरंत बाद, दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने भी संयुक्त रूप से 8 मिसाइलों की टेस्ट फायरिंग की। यह 2017 के बाद दोनों देशों की पहली संयुक्त कार्रवाई थी।

## महिला ने ऑनलाइन सेकंड हैंड सोफा मंगवाया, सोफे के कुशन से निकले 28 लाख रुपये

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।**

महिला ने ऑनलाइन एक सेकंड हैंड सोफा मंगवाया। घर पहुंचने के बाद सामान की जांच के दौरान हैरान करने वाला वाकया हुआ। दरअसल, सोफा के एक कुशन से उन्हें करीब 28 लाख रुपए मिले। मामला अमेरिका के कैलिफोर्निया का है। विक्की उमोडु नाम की एक महिला अपने नए घर के लिए ऑनलाइन फर्नीचर ढूंढ रही थी। एक वेबसाइट पर उन्हें दो सोफा और एक मैचिंग चेयर दिखी। वेबसाइट पर यह फ्री में अवेलेबल था।

उमोडु ने कहा- मुझे लगा है कि यह फेक होगा, लेकिन मैंने कॉल करने का फैसला किया। फ्री में फर्नीचर दे रही फैमिली ने बताया कि हाल ही में उनके एक करीबी की मौत हो गई है। इसलिए हम प्रॉपर्टी की सभी चीजों को हटा रहे हैं। उमोडु ने आगे कहा- मैं हाल ही में नए घर में शिफ्ट हुई हूं, और यहां कई सामान नहीं हैं। मैं बहुत एक्साइटेड थी, इसलिए मैंने उस सोफा को ले लिया। सोफा जब घर पहुंचा तो उसकी जांच करने लगीं। इसी दौरान कुशन में कुछ मिला। उमोडु ने इसके बारे में बताते हुए कहा- मुझे लगा वह एक हीट पैड है। फिर उन्होंने कुशन का चेन खोला तो वह हैरान रह गई। उसमें कई एनवेलप थे। जिसमें कैश में हजारों डॉलर भरे हुए थे। फैमिली ने बताया कि उसमें करीब 28 लाख रुपए थे।

# मोदी से रिश्ते तोड़ें शहबाज शरीफ, नूपुर शर्मा के बयान पर विवाद के बाद इमरान ने दी नसीहत

### -एक्यूआईएस ने दी धमकी-पैगंबर का अपमान करने वालों की हत्या करेंगे, थोड़ा इंतजार करो

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान को लेकर अरब और इस्लामिक देशों में काफी गुस्सा नजर में आ रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शहबाज सरकार से इस मामले पर स्टैंड लेने को कहा है। खान ने अरब देशों का उदाहरण देते हुए भारतीय प्रोडक्ट्स का बहिष्कार करने की नसीहत दी है। इससे पहले पाकिस्तान ने भाजपा नेताओं की विवादित टिप्पणियों के प्रति अपना विरोध दर्ज कराने के लिए भारतीय उच्चायोग के प्रभारी को तलब किया था। इमरान खान ने कहा हिंदुस्तान में हमारे पैगंबर की शान में गुस्ताखी हुई है, हुकूमत को इस पर सख्त रुख अपनाना चाहिए। अगर अरब में चार देश इस पर सख्त रुख अपना सकते हैं, तो सरकार को भी स्टैंड लेना चाहिए। खान ने कहा हिंदुस्तान की भाजपा पार्टी



मुसलमानों के खिलाफ है। शरीफ खानदान अपने संबंध मोदी से तोड़े और सख्त स्टैंड लें। मैं हुकूमत से कहता हूं कि सारी कौम आपकी तरफ देख रही है, दोस्ती और बिजनेस खत्म करें, अरब देशों की तरह स्टैंड लें और इनके प्रोडक्ट का बहिष्कार करें।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने विवादित बयान पर कहा कि इस तरह के अपमानजनक और निंदनीय बयानों ने पूरी दुनिया में मुसलमानों की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने कहा यह सबूत है कि भारत एक फासीवादी देश बन चुका है। अब वह सेक्युलर इंडिया नहीं है, उस पर हिंदुत्व की विचारधारा हावी है। भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ शांति चाहता है, लेकिन इसके लिए दूसरे पक्ष की सोच तर्कसंगत होनी चाहिए। वैश्विक स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-कायदा इन द इंडियन सब-कॉन्टीनेंट (एक्यूआईएस) ने भारत को धमकी दी है।

अल-कायदा ने कहा हम उन लोगों की हत्या करेंगे जिन्होंने हमारे पैगंबर का अपमान किया है। हम अपने और अपने बच्चों के शरीर में विस्फोटक बांधेंगे ताकि उन लोगों को उड़ा सकें, जो हमारे पैगंबर का अपमान करने की हिम्मत कर रहे हैं। भगवा आतंकवादी अब दिल्ली, मुंबई, उत्तर प्रदेश और गुजरात में अपने अंत का इंतजार करें।

# इतिहास में पहली बार सिर्फ दवा से ही ठीक हो गया जानलेवा कैंसर, मेडिकल जगत हैरान

**नई दिल्ली। (एजेंसी)।**

दुनिया जल्द ही एक भयानक बीमारी कैंसर से छुटकारा पाने में सक्षम हो सकती है। रेक्टल कैंसर से जूझ रहे मरीजों के जिंदगी फिर से सवर जाएगी। प्रयोग के तौर पर एक इलाज में इन मरीजों का कैंसर पूरी तरह से ठीक हो गया और नया जीवन मिला है। यह एक छोटा सा क्लिनिकल ट्रायल था जिसमें 18 मरीजों को शामिल किया गया था। इन मरीजों को 6 महीनों तक डोस्टरलिमैब नाम की एक दवा खिलाई जाती रही जिसका रिजल्ट 6 महीने बाद आया और चमत्कार साबित हुआ। बता दें कि इन मरीजों का कैंसर पूरी तरह ठीक हो गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट ने इसकी जानकारी साझा की है।

### कौन सी है यह दवा?

डोस्टरलिमैब एक ऐसी दवा है जो लैब में बनाए गए अणुओं से बनी है। यह दवा शरीर में जाते ही सब्स्टिट्यूट एंटीबॉडीज की तरह काम करती है। रेक्टल कैंसर के सभी मरीजों को एक ही दवा दी गई और इलाज का नतीजा 100 प्रतीशत सही आया। 6 महीनों में भीतर सभी मरीजों का कैंसर पूरी तरह गायब हो गया। मरीजों का एंडोस्कोपी, जैसे फिजिकल एगजामिनेशन किया गया तो उसमे कैंसर का नामोनिशान नहीं था। न्यूयॉर्क के मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर के डॉ लुइस ए डियाज जे ने कहा कि यह 'कैंसर के इतिहास में पहली बार हुआ है।'

### क्लिनिकल ट्रायल के नतीजों से मेडिकल जगत हैरान

रिपोर्ट के मुताबिक, क्लिनिकल ट्रायल में शामिल मरीज इससे पहले कैंसर से छुटकारा पाने के लिए काफी दर्दनाक ट्रीटमेंट से गुजरते है जैसे कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी। इन तरीकों से और गंभीर बीमारी होना का खतरा बना रहता है। क्लिनिकल ट्रायल में शामिल होने वाले 18 मरीजों को लगा था कि यह उमके इलाज का आखिरी चरण है। उन्हें जानकर काफी हैरानी हुई कि अब उन्हें आगे कोई भी इलाज कराने की जरूरत नहीं है। क्लिनिकल ट्रायल के रिजल्ट ने मेडिकल जगत को हैरान कर दिया है।

### क्या इसके है कोई साइड इफेक्ट?

मीडिया से बातचीत के दौरान यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में कोलोरेक्टल कैंसर विशेषज्ञ डॉ. एलन पी. वेनुक ने कहा कि सभी मरीजों का पूरी तरह ठीक हो जाना एक चमत्कार से कम नहीं है। इस रिसर्च ने सभी को हैरान करके



रख दिया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी भी मरीज में ट्रायल ड्रग के साइड इफेक्ट नहीं दिखा। रिसर्च पेपर की को-ऑर्थर ने उस पल का जिक्र किया और बताया कि जब सभी मरीजों को यह पता चला कि उनका कैंसर पूरी तरह से ठीक हो चुका है तो 'उन सभी की आंखों में खुशी के आंसू थे।' दवा का रिव्यू करने वाले कैंसर शोधकर्ताओं ने बताया कि यह इलाज आशाजनक लग रहा है। लेकिन इसके बड़े पैमाने पर ट्रायल की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दवा बाकी मरीजों पर भी असरदार है और यह कैंसर को वास्तव में पूरी तरह ठीक कर सकती है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## सार समाचार

### वायु गुणवत्ता आयोग ने अगले साल से दिल्ली-एनसीआर में कोयले के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया

नयी दिल्ली। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक जनवरी, 2023 से पूरे दिल्ली-एनसीआर में औद्योगिक, घरेलू और अन्य कार्यों में कोयले के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं। हालांकि, ताप बिजली संयंत्रों में कम सल्फर वाले कोयले के इस्तेमाल पर प्रतिबंध से छूट दी गई है। एनसीआर में औद्योगिक इकाइयों में सालाना लगभग 17 लाख टन कोयले का उपयोग किया जाता है, जिसमें अकेले छह प्रमुख औद्योगिक जिलों में लगभग 14 लाख टन कोयले की खपत होती है। सीएक्यूएम ने तीन जून को जारी एक आदेश में कहा कि कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध एक अक्टूबर से पीएनजी बुनियादी ढांचे और आपूर्ति वाले क्षेत्रों में और एक जनवरी 2023 से उन क्षेत्रों में लागू होगा जहां पीएनजी आपूर्ति अभी भी उपलब्ध नहीं है। सीएक्यूएम ने कहा, ''अगले साल एक जनवरी से पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ईंधन के रूप में कोयले के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।''

### 25 साल के युवक की गोली मारकर हत्या, मोहाली की घटना

चंडीगढ़ । पंजाब में सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मामला अभी शांत नहीं हुआ हैं, कि ठीक उसी तरह की एक और वारदात सामने आई है। मोहाली के सेक्टर-67 में एक 25 साल के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक अपने दोस्तों के साथ पार्टी में गया था, सुबह उसकी लाश कार में मिली। उसके सिर में गोली लगी थी और कार का शीशा टूटा पड़ा था। पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक के हाथ में पिस्तौल भी मिली है। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तब सड़क के किनारे क्रेटा खड़ी पाई। कई लोगों की भीड़ वहां जमा थी। युवक के सिर में गोली लगी थी और उसके हाथ में पिस्तौल थी। युवक की नाक से खून निकल रहा था। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### गुजरात में आकाशीय बिजली गिरने से तीन व्यक्तियों की मौत, एक घायल

अहमदाबाद। गुजरात के पाटन और सुरेंद्रनगर जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। हारीज पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम करीब सात बजे हल्की बारिश के बीच पाटन के रोडा गांव में खेत में काम कर रही 35 वर्षीय महिला आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। अधिकारी ने बताया कि सुरेंद्रनगर जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं चल रही थीं और गरज चमक के साथ बारिश होने के कारण आकाशीय बिजली गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पाणशीणा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि नानी काठेची गांव में मंगलवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से 25 वर्षीय एक आदिवासी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### फिर डराने लगा कोरोना, 24 घंटे में सामने आए 5000 से ज्यादा मामले

नयी दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 5,233 नए मामले सामने आने से कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,31,90,282 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 28,857 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 5,233 नए मामले सामने आए हैं जबकि सात और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,24,715 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 28,857 हो गई जो कुल मामलों का 0.07 प्रतिशत है।

### सरकार को जम्मू कश्मीर में स्थिति सुधारने के लिए कदम उठाने चाहिए: उमर

श्रीनगर। नेशनल काफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में लोग हताश हैं क्योंकि शायद ही कोई ऐसा दिन होता है जब हिंसक घटना नहीं होती है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्थिति सुधारने के लिए कदम उठाना चाहिए। उमर ने गांदेरबल में संवाददाताओं से कहा, '' स्थिति हम सभी के सामने है। शायद ही कोई ऐसा दिन होता है जब हिंसक घटना नहीं होती है। लोग हताश हैं। हम चाहते हैं कि स्थिति सुधरे और उसके लिए सरकार को कुछ करना होगा।'' नेकां नेता वार्षिक उर्स के मौके पर बाबा नागरी क्षेत्र में बाबा निजामुद्दीन लारवी नक्शबंदी के धर्मस्थल गये। जम्मू कश्मीर में विधानसभा के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा, '' चुनाव कराने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। यदि चुनाव आयोग चुनाव कराने का फैसला करता है, केवल तभी हम अपनी तैयारी शुरू करेंगे। फिलहाल हम चुनाव के बारे में चर्चा या तैयारी नहीं कर रहे हैं।

### फेसबुक व ट्विटर पर भड़काऊ पोस्ट के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

कानपुर(ईएमएस)। इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में कर्नलगंज पुलिस ने भाजपा नेता हर्षित श्रीवास्तव उर्फ लाला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। हर्षित श्रीवास्तव भाजपा युवा मोर्चा का जिला मंत्री है और डीएवी कालेज के अध्यक्ष रह चुका है। उन्होंने फेसबुक और अपने ट्विटर अकाउंट का ट्वीट पोस्ट किया था, जिसमें धर्म विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस सक्रिय हुई।

# बंगाल में परिवारवादी पार्टियों पर जमकर बरसे जेपी नड्डा, बोले- भाजपा के पास नेता भी और नियत भी

इस्लामाबाद। (एजेंसी)।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। आज उन्होंने बंगाल भाजपा की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि राजनीति में कभी भी कोई चीज ठहरी नहीं रहती है, जो आज है वो कल नहीं, जो कल है वो परसों नहीं रहती है। हमें राजनीतिक दृष्टि से किन ताकतों से अपने आप को समावेश करके आगे बढ़ना है ये हमेशा तय रखना पड़ता है। इसलिए हमको अपनी ताकत का अंदाजा भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 40 साल पहले मेरे कांग्रेसी साथी मिलते थे तो मुझे कहते थे कि नड्डा जी तुम राजनीति नहीं जानते, यह अवसर की बात है, आप गलत पार्टी में सही व्यक्ति हैं। आज मैं उनसे मिलता हूं तो पूछता हूं कि सही पार्टी में कौन है?

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश में भाजपा को छोड़कर किसी भी राजनीतिक पार्टी में कार्यकर्ता हैं तो नेता नहीं है, नेता है तो नीयत नहीं है, अगर नीयत है तो नीति नहीं है। सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी जी के नेतृत्व में नेता, नीति, नीयत, कार्यकर्ता और वातावरण है। उन्होंने कहा कि आज से 20 वर्ष पहले कोई सोचता तक नहीं था कि बिहार से लालू यादव का राज जाएगा। लेकिन वहां राजद को नेस्तनाबूद करके भाजपा आई है और पूरी ताकत के साथ आई है। नड्डा ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में कोई नही सोचता था कि मुलायम सिंह का राज जाएगा। आज वहां भाजपा ने सबको साफ कर दिया है। हर जगह भाजपा की सरकार बन रही है। आने वाले समय में हम आंध्र प्रदेश में, तेलंगाना में और बहुत जल्द पश्चिम बंगाल में भी प्रजातांत्रिक तरीके से सरकार बनाएंगे।

नड्डा ने कहा कि मैं आपको एक ही बात कहना चाहता हूं कि अपने रास्ते चलते रहो, अडिग रहो, अच्छी तरह से चुनावी लड़ाई लड़ो इससे भाजपा यशस्वी होगी ही। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि हम कांग्रेस मुक्त हो जाएंगे, अब तो कांग्रेस मुक्त तो छोड़ो, कांग्रेस लुप्त हो रही है। गांधी और खादी के नाम पर कांग्रेस 70 साल राज करके गई। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस अब भाई-बहन की पार्टी बनकर रह गई है। नड्डा ने कहा कि आज खादी को लोकल फॉर वोकल के अंतर्गत 1 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का टर्नओवर प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रयासों से मिला है। उन्होंने कहा कि एक समय राजनीति वोटबैंक, धर्म, पंथ, वंशवाद, जातिवाद और परिवारवाद के आधार पर होती थी। लेकिन अब राजनीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ हो रही है।

## अरविंद केजरीवाल का प्लान चुनाव से पहले भंग की 'आप' की स्टेट यूनिट

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी ने अपनी गुजरात यूनिट को भंग कर दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष को छोड़कर सभी नेताओं को दायित्व मुक्त कर दिया है। इसके साथ ही सारे मोर्चे भी भंग कर दिए गए हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर यह फैसला लिया गया है। नई लीडरशिप और नए नेताओं की टीम के जरिए ऊर्जा भरने का काम किया जाएगा। इससे हिमाचल प्रदेश में भी 'आप' ने प्रदेश संगठन को भंग कर दिया था और फिर नई टीम चुनी थी। मंगलवार को ही हिमाचल के नए प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान आम आदमी पार्टी ने किया था। आम आदमी पार्टी ने अपनी गुजरात यूनिट को भंग कर दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष को छोड़कर सभी नेताओं को दायित्व मुक्त कर दिया है। इसके साथ ही सारे मोर्चे भी भंग कर दिए गए हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर यह फैसला लिया गया है। नई लीडरशिप और नए नेताओं की टीम के जरिए ऊर्जा भरने का काम किया जाएगा। इससे हिमाचल प्रदेश में भी 'आप' ने प्रदेश संगठन को भंग कर दिया था और फिर नई टीम चुनी थी। हिमाचल के नए प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान आम आदमी पार्टी ने किया था। आप के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल खुद कई बार गुजरात का दौरा कर चुके हैं।

# सीमा पर यथास्थिति में एकतरफा बदलाव को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा भारत: जयशंकर

नई दिल्ली। (एजेंसी)।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत यथास्थिति में एकतरफा बदलाव करने के किसी प्रयास को स्वीकार नहीं करेगा और स्थापित समझ से परे किसी रुख पर वैसी ही प्रतिक्रिया मिलेगी। एस जयशंकर की यह प्रतिक्रिया पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा गतिरोध लम्बा खिंचने की पृष्ठभूमि में आई है।

विदेशी सम्पर्क में बदलाव विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में विदेशी राजनयिकों को संबोधित करते हुए एस जयशंकर ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत के सम्पूर्ण रुख का उल्लेख किया। उन्होंने कहा हम इतिहास की झिझक से बाहर निकल आए हैं और हम किसी को भी अपने विकल्पों को वीटो करने की अनुमति नहीं देंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में शामिल होने, वैश्विक हितों के खिलाफ राजनीतिक बाधाओं से पार पाने को लेकर आशान्वित है। जयशंकर की इन टिप्पणियों को चीन के संदर्भ में देखा जा रहा है।

आतंकवाद का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि कूटनीति ने इस चुनौती से निपटने में काफी योगदान किया है, जो आतंकवाद को समर्थन देने से इंकार के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा हमारी सीमाओं की सुरक्षा जरूरी है और हम यथास्थिति में एकतरफा तरीके



से बदलाव करने के प्रयास को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। एक ऐसा रुख जो स्थापित समझ से परे होगा, उसे वैसी ही प्रतिक्रिया मिलेगी। विदेश मंत्री ने कहा जहां तक सुरक्षा की बात आती है, हम अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर काम करेंगे।

हम अपने विश्वसनीय सहयोगियों की भूमिका को मानते हैं जो हमारे साथ भारत को हर दिन सुरक्षित बनाने में मदद कर रहे हैं। जयशंकर ने इस दौरान आत्मनिर्भर भारत का उल्लेख करते हुए कहा, हम भारत में निर्माण करना चाहते हैं लेकिन हम दुनिया के साथ और दुनिया के लिये भी निर्माण करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति खुली सोच और व्यवहारिकता पर आधारित सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सूत्र पर आधारित है तथा जटिल मुद्दों के समाधान के लिये इसमें सबका प्रयास के तत्व भी समाहित हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की कूटनीति अहम आर्थिक मुद्दों एवं ऊर्जा स्रोतों पर प्रभावी क्षेत्रीय ताकतों एवं महत्वपूर्ण शक्तियों पर केंद्रित रही है। उन्होंने कहा हमने इसे खुली सोच और व्यावहारिकता पर आधारित सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सूत्र पर आगे बढ़ाया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने इस संदर्भ में कोविड महामारी को लेकर देश की प्रतिक्रिया, व्यापक टीकाकरण अभियान के अलावा वित्तीय, डिजिटल एवं संवाद के क्षेत्र में बदलाव आदि का उल्लेख किया।

इसके साथ ही आवास, विद्युतीकरण, जल कनेक्शन, रसोई गैस तक पहुंच जैसी सरकार की योजनाओं के प्रभाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने हाल में भारत द्वारा अंतिम रूप दिये गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी जिक्र किया और कहा, हमारा संदेश दुनिया को सघनता के साथ जोड़ने का है और इसमें स्वाभाविक तौर पर अपने लोगों को फायदा पहुंचाना एवं वैश्विक कल्याण, विकास एवं सुरक्षा में भी योगदान देना है।

## धमकी के बाद ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश देने वाले जज की बढ़ाई गई सुरक्षा, पुलिस ने शुरू की जांच

वाराणसी (एजेंसी)।

ज्ञानवापी परिसर के वीडियोग्राफी का आदेश देने वाले दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) रवि कुमार दिवाकर को एक धमकी भरा पत्र मिला है। वाराणसी के पुलिस आयुक्त ने बताया कि न्यायाधीश की सुरक्षा में नौ पुलिसकर्मी लगाए गए हैं और इस मामले की जांच की जा रही है। वाराणसी के दीवानी न्यायाधीश दिवाकर ने अपर मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त वाराणसी को पत्र लिखकर धमकी की जानकारी दी है। दिवाकर ने अधिकारियों को भेजे पत्र में लिखा है कि उन्हें यह पत्र 'इस्लामिक आगाज़ मूवमेंट' की ओर से काशिफ अहमद सिद्दीकी द्वारा भेजा गया है। इस संदर्भ में वाराणसी के पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि न्यायाधीश दिवाकर को रजिस्टर्ड डाक द्वारा एक पत्र मिला है, जिसमें कुछ और कागज संलग्न है, इसकी जानकारी उनके द्वारा अभी दी गयी है।उन्होंने कहा कि वाराणसी के पुलिस उपायुक्त वरुणा को इस प्रकरण की जांच सौंपी गई है। गणेश ने बताया कि न्यायाधीश कुमार की सुरक्षा में कुल नौ पुलिसकर्मी लगाए गए हैं और समय समय पर उनके सुरक्षा की समीक्षा की जा रही है। न्यायाधीश को भेजा गया पत्र सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया है। पत्र में लिखा गया है, अब न्यायाधीश भी भगवा रंग में सराबोर हो चुके हैं। फैसला उग्रवादी हिंदुओं और उनके तमाम संगठनों को प्रसन्न करने के लिए सुनाते हैं। इसके बाद ठीकरा विभाजित भारत के मुसलमानों पर फोड़ते हैं। आप न्यायिक कार्य कर रहे हैं, आपको सरकारी मशीनरी का संरक्षण प्राप्त है। फिर आपकी पत्नी और माता श्री को डर कैसा है।

## पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये भेजी गई 'हेरोइन' के साथ चार आरोपी पकड़े गए

श्रीगंगानगर। (एजेंसी)।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने राजस्थान के गंगानगर जिले में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय सीमा में गिराए 3.6 किलोग्राम नशीले पदार्थों के साथ चार लोगों को पकड़ा है। बल के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार तड़के ख्यालीवाला इलाके के पास की है। अधिकारी के मुताबिक ग्रामीणों ने सीमावर्ती क्षेत्र के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा और इसकी जानकारी बीएसएफ को दी। उन्होंने बताया कि उनकी सूचना पर एक कार में सवार दो और लोगों को भी पकड़ा गया है। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद बीएसएफ के जवानों ने तलाशी अभियान चलाया और संदिग्ध हेरोइन से भरे चार पैकेट बरामद किए, जिनका कुल वजन 3.6 किलोग्राम है। उन्होंने बताया कि आरोपी उक्त नशीले पदार्थ की डिलीवरी लेने आए थे जिसे सीमा पार से ड्रोन से गिराया गया था। आरोपियों की पहचान निर्मल सिंह, रवींद्र सिंह, जसप्रीत और लवप्रीत के रूप में हुई है जिनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की एक टीम भी पूछताछ के लिए पहुंची है।

## राज्यसभा चुनाव में शिवसेना का समर्थन करेगी एआईएमआईएम? ओवैसी ने कहा- मदद चाहिए तो संपर्क करो

मुंबई (एजेंसी)।

महाराष्ट्र में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है। छठे सीट के लिए महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना उम्मीदवार के बीच महा मुकाबला है। भाजपा और शिवसेना, दोनों ही तरफ से निर्दलीय तथा छोटे दलों के विधायकों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। इन सबके बीच महाराष्ट्र में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो गई है। दरअसल, 288 सदस्य विधान सभा में एआईएमआईएम के दो विधायक हैं। अब तक असदुद्दीन ओवैसी ने अपने समर्थन को लेकर पत्ते नहीं खोलें। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर ओवैसी की पार्टी के दो विधायक किसको सपोर्ट करेंगे? इसको लेकर ओवैसी से सवाल भी किया गया। ओवैसी ने साफ तौर पर कहा कि समर्थन के लिए महा विकास आघाडी के किसी भी नेता ने उनसे संपर्क नहीं किया है।

इसके साथ ही असदुद्दीन ओवैसी ने यह भी कह दिया कि यदि उन्हें समर्थन चाहिए तो संपर्क करना होगा। ओवैसी ने कहा कि यदि उन्हें हमारा समर्थन चाहिए तो ठीक है, नहीं तो हम एक-दो दिनों के भीतर अपना फैसला ले लेंगे कि किसे समर्थन करना है। एआईएमआईएम ने सोमवार को नांदेड़ में अपने नेताओं की एक बैठक की, लेकिन राज्यसभा चुनाव में सत्ताधारी गठबंधन का समर्थन करने या भाजपा का समर्थन करने को लेकर वह कोई फैसला नहीं कर सकी। हालांकि औरंगाबाद से एआईएमआईएम के सांसद इम्तियाज जलील ने बताया कि जो विधानसभा क्षेत्र पार्टी के पास हैं, उनसे जुड़े उनके कुछ मुद्दे हैं। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में राज्यसभा चुनाव के लिए 10 जून को मतदान निर्धारित है। करीब दो दशकों के बाद राज्य में राज्यसभा चुनाव में मुकाबला होने जा रहा है क्योंकि छह सीटों के लिए सात उम्मीदवार मैदान में हैं। शिवसेना ने अपने दो उम्मीदवार संजय राउत और संजय पवार को मैदान में उतारा है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीन उम्मीदवारों केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अनिल बोंडे और धनंजय महादिक को मैदान में उतारा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने प्रफुल्ल पटेल और कांग्रेस ने इमरान प्रतापगढ़ी को मैदान में उतारा है। दो सीट जीतने के लिए भाजपा के पास पर्याप्त मत हैं जबकि




शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस एक-एक सीट जीतने की स्थिति में हैं। इस बीच, शिवसेना के नेता एवं विधान परिषद के सदस्य अंबादास दानवे ने कहा कि एमवीए के नेता (मीडिया के जरिए पेश किए गए) ओवैसी के प्रस्ताव पर फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया में कहने से कुछ नहीं होने वाला। एआईएमआईएम को एमवीए के वरिष्ठ नेताओं से सीधे संपर्क करना चाहिए।

# अलकायदा लेगा पैगंबर की बदनामी का बदला! शरीर पर बारूद बांधकर उसके फिदायीन इन शहरों को बना सकते हैं निशाना

नई दिल्ली। (एजेंसी)।

नुपुर शर्मा विवाद में आतंकी संगठन अलकायदा ने भी एंट्री मार ली है। एक्यूआईएस यानी अल-कायदा भारतीय उपमहाद्वीप ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि वो पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने वालों से बदला लेगा। अलकायदा ने कहा है कि उसने ऐसे लोग तैयार किए हैं जो शरीर पर बारूद बांधकर फिदायिन हमला करेंगे। एक आतंकी संगठन भाजपा की तरफ से निष्कासित पार्टी सदस्य की पैगंबर मोहम्मद को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर हिन्दुस्तान को धमकी देता नजर आ रहा है। इसके आधिकारिक मुखपत्र अस-साहब मीडिया द्वारा जारी बयान में दावा किया गया है कि उसके ÷मुजाहिदीन÷ दिल्ली और मुंबई के साथ-साथ गुजरात और उत्तर प्रदेश में खुद को उड़ाने के लिए तैयार हैं।

पिछले दो महीनों में ये दूसरी बार है जब संगठन ने भारत के अंदरूनी विवाद में एंट्री ली है। अप्रैल में अलकायदा की तरफ से हिजाब विवाद का फायदा उठाने की कोशिश की गई थी। उसने कहा था कि हम उपमहाद्वीप में अपने भाइयों को यह भी याद दिलाते हैं कि हमारे पैगंबर ने हमें भारत की लड़ाई (गजवा-ए-हिंद) के बारे में बताया और भारत में मुसलमानों की जीत की भविष्यवाणी की। इस बीच टेलीग्राम पर अल-कायदा समर्थक चैनल ने भी एक वीडियो साझा किया जिसमें आतंकवादी समूह के अनुयायियों को बदला लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।

अलकायदा की तरफ से जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि कुछ दिनों पहले हिंदुत्व के प्रचारक और ध्वजवाहक धर्म और अल्लाह के शरीयत के प्रति शत्रुतापूर्ण भावना ने सबसे शुद्ध प्राणियों का अपमान और निंदा की है। इस अपमान के जवाब में दुनिया भर के मुसलमानों के दिलों से खून बह रहा है और बदले व प्रतिशोध की भावनाओं से मन भर गया है। हम दुनिया के हर दुस्साहसी खासकर हिंदुत्ववादी आतंकियों को आगाह करते हैं कि हम अपने पैगंबर की मर्यादा के लिए लड़ेंगे और गमें दूसरों से अपने पैगंबर के सम्मान के लिए लड़ने और मरने का आग्रह करना चाहिए। इस पत्र के बाद सभी राज्यों को खुफ़िया एजेंसियों ने ख़तरे के बारे में सूचित कर दिया है और उन्हें हाईअलर्ट पर रहने को कहा गया है।



स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत
गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# स्पा की आड में चल रहे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, दो संचालक धरे गए

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

भरूच,अंक्लेश्वर जीआईडीसी पुलिस ने कापोद्रा पाटिया के निकट एक कॉम्प्लेक्स दो स्पा में छापा मारा। स्पा की आड में चल रहे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश कर पुलिस ने दो संचालकों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि स्पा की मालिक फरार हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से नकद, 1 मोबाइल समेत 22 हजार रुपए का माल-सामान जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू की। भरूच जिले के अंक्लेश्वर के कापोद्रा पाटिया के निकट आर-21 कॉम्प्लेक्स में सिल्वर और कापोद्रा पाटिया स्थित गोल्डन स्पा के आड में सेक्स रैकेट चलता होने की सूचना जीआईडीसी पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर अंक्लेश्वर जीआईडीसी पुलिस ने एक डमी ग्राहक स्पा में भेजा। जहां से डमी से सूचना पक्की होने का संकेत मिलते ही पुलिस ने स्पा में रेड कर दी। पुलिस ने स्पा के काउंटर बैठे संचालक रजब सलीम शेख गिरफ्तार कर लिया। रजब सलीम शेख पश्चिम बंगाल का मूल निवासी है और फिलहाल अंक्लेश्वर के प्लेटिनम प्लाजा के सामने रहता है। रेड के दौरान डमी ग्राहक समेत अन्य ग्राहकों से कुल तीन युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिली। पुलिस ने काउंटर और संचालक की तलाशी में नकद, 1 मोबाइल समेत कुल रु 22 हजार का माल-सामान जब्त कर लिया। पकड़े रजब शेख ने बताया कि स्पा की मालिक कोसमडी के स्टार रेसिडेन्सी में रहनेवाली अहाना तोसिफ खत्री है और वह कापोद्रा पाटिया के निकट गोल्डन स्पा चलाती है। इस सूचना के आधार पर पुलिस गोल्डन स्पा पहुंची और शटर बंद कर रहे शनि रामविलास चौधरी गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दोनों स्पा के मालिकों को वांटेड घोषित कर मामले की जांच शुरूकी।




# विख्यात बैंकर ग्रुप के अस्पतालों पर आयकर विभाग की छापेमारी, सूरत में भी कार्यवाही

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

वडोदरा,शहर के विख्यात बैंकर ग्रुप के अस्पताल में आयकर विभाग की छापेमारी से हड़कम्प मच गया। आयकर विभाग के अधिकारियों ने बुधवार की सुबह वडोदरा और पादरा समेत सूरत स्थित बैंकर ग्रुप के अस्पतालों में एक साथ रेड की। आयकर विभाग की कार्यवाही में बड़े पैमाने पर काले धन का खुलासा होने की संभावना है। अहमदाबाद के बाद आयकर विभाग ने अब वडोदरा का रुख किया है। वडोदरा के न्यू अलकापुरी क्षेत्र निवासी डॉ. दर्शन बैंकर के निवास समेत उनके अस्पताल और दफ्तरों में आयकर अधिकारियों ने एक साथ छापेमारी की। आयकर विभाग के 50 से ज्यादा अधिकारियों ने बैंकर ग्रुप के वारसिया रोड, ओल्ड पादरा, मांजलपुर स्थित अस्पताल के साथ ही पादरा स्थित इंस्टीट्यूट में रेड की। बैंकर ग्रुप के वडोदरा और सूरत स्थित अस्पताल और दफ्तरों पर आयकर विभाग की कार्यवाही जारी है, जिसमें करोड़ों के काले धन का खुलासा होने की संभावना है।






# बोरवेल में गिरा 3 साल का बच्चा, सेना के जवानों ने सुरक्षित निकाला बाहर

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सुरेन्द्रनगर,जिले के दुदापुर गांव के बोरवेल में गिरे तीन साल के बच्चे को भारतीय सुरक्षा बल के जवानों द्वारा सुरक्षित बाहर निकाले जाने से माता-पिता समेत प्रशासन ने राहत की सांस ली है। तीन साल के बच्चा खेलते खेलते 500 फूट गहरे बोरवेल में गिर गया था। राहत की बात यह है कि बच्चा 30 फूट नीचे जाकर फंस गया था। घटना मंगलवार रात की है, जब सुरेन्द्रनगर जिले की ध्रांगध्रा तहसील के दुदापुर गांव के कालु रबारी के खेत में श्रमिक परिवार का बच्चा शिवम खेलते खेलते बोरवेल में जा गिरा। परिवार ने पहले बच्चे को निकालने का प्रयास किया, लेकिन असफल होने पर गांव के सरपंच को घटना की जानकारी दी गई। घटना की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड, प्रांत अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस, एनडीआरएफ और भारतीय सेना की टीम मौके पर पहुंच गई और बच्चे को बोरवेल से बाहर निकालने की कवायद शुरू कर दी। गनीमत रही कि 500 फूट गहरे बोरवेल में शिवम 30 फूट नीचे फंस गया था। सेना के जवानों ने अपनी सूझ बूझ से शिवम को 40 मिनट में बोरवेल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रात करीब 8 बजे शिवम बोरवेल में गिरा था और रात 10.30 बजे के आसपास उसे बोरवेल से बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार के बाद सुरेन्द्रनगर के सिविल अस्पताल रिफर किया

# यह विभाग के द्वारा किया गया डिमोलिशन हैं या सेटिंग.com

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

SUDA की महेरबानी या लापरवाही से इस कार्यपर नजरअंदाज करते हुए अधिकारीगण अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर विभाग के कोष को हानि पहुचने संबंधित कार्यवाही भारतीय दंड सहित के अनुसार विभाग के उच्च अधिकारीगण को करना चाहिए. जिससे भष्टाचार की इस दलदल में कार्यालय में कुछ लगाम लगा सके.



# यात्रियों की सुविधा हेतु वस्त्रापुर स्टेशन पर रेल टिकट आरक्षण सुविधा पुनः शुरू

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु वस्त्रापुर स्टेशन पर रेल टिकट आरक्षण सुविधा केन्द्र (PRS) 09 जून, 2022 (गुरुवार) से शुरू हो जाएगा। बोटाद-गांधीग्राम गेज रूपांतरण के दौरान इस आरक्षण केन्द्र को बंद किया गया था। वस्त्रापुर स्टेशन पर आरक्षण केन्द्र सोमवार से शनिवार सुबह 8:00 बजे से 20:00 बजे तक खुला *(Open)* रहेगा तथा रविवार के दिन आरक्षण केन्द्र दोपहर १४०० बजे तक खुला रहेगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे आरक्षण केन्द्र का अधिक से अधिक लाभ लें।




